# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–229 । सागर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



ट्रैक्टर पलटने से 14 महिला मजदूर घायल, 2 गंभीर — पृष्ठ 2

संघ के सौ बरस का इकलौता हासिल
उत्तर भारत में सांप्रदायिक द्वेष भड़काने के लिए गढ़े जा रहे हैं नए बहाने — पृष्ठ 4

जिला चिकित्सालय का नेत्र सहायक 20 हजार की रिश्वत लेते धराया — पृष्ठ 6

सिकल सेल अनुवांशिक बीमारी, इसके प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत: राज्यपाल — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### हिमाचल की लाहौल घाटी में शून्य से नीचे पहुंचा पारा

**लाहौल-स्पीति, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। सीजन की पहली बर्फबारी ने पूरे इलाके को बर्फ की सफेद चादर से ढक दिया है। अचानक आई इस बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोग अपने घरों के भीतर दुबककर बैठने को मजबूर हो गए हैं। तापमान शून्य से नीचे चला गया है और बर्फबारी के साथ ठंडी हवाओं ने लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस एंड्रोथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना ने सोमवार को अपने बेड़े में आईएनएस एंड्रोथ को औपचारिक रूप से शामिल कर लिया। यह भारतीय नौसेना का दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है, जिसे एक नेवल डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम में कमीशन किया गया है। नौसेना का कहना है कि आईएनएस एंड्रोथ भारत की समुद्री आत्मनिर्भरता का एक शानदार प्रतीक है।

### बरेली हिंसा में अब तक 83 गिरफ्तार

**बरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बरेली हिंसा मामले में पुलिस प्रशासन की लगातार कार्रवाई जारी है। इस मामले में अब तक 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मौलाना तौकीर रजा के करीबी और बरेली हिंसा में आरोपी डॉक्टर नफीस और नदीम पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। तौकीर रजा के करीबियों पर बरेली कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। फरीदपुर चौधरी निवासी लियाकत ने इस मामले में शिकायत दर्ज करवाई है। लियाकत का आरोप है कि 25 सितंबर की शाम को नदीम खान और डॉ. नफीस खान ने मिलकर साजिश के तहत आईएमसी का एक फर्जी पत्र तैयार किया। इस पत्र पर लियाकत के नाम से फर्जी हस्ताक्षर किए गए।

### 42 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना सरकार के स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के फैसले को चुनौती देने वाली वंगा गोपाल रेड्डी की याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई की और हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को सुझाव दिया कि वे उचित राहत के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का रुख करें।

### कटक में सामूहिक झड़प में 8 गिरफ्तार

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के कटक में दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान हुई सामूहिक झड़पों के बाद कई थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भुवनेश्वर-कटक शहर के पुलिस आयुक्त एस. देबदत्त सिंह ने बताया कि इस संबंध में अब तक तीन मामले दर्ज किए गए हैं और सीसीटीवी फुटेज तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के आधार पर अन्य लोगों की तलाश जारी है। शहर में और तनाव नहीं बढ़ने को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने 13 थाना क्षेत्रों में 36 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया है।

### मुंबई में ड्रोन और स्काई लैंटर्न पर प्रतिबंध

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस ने आमजन की सुरक्षा और बचाव के मद्देनजर आगामी त्योहार के दौरान शहर में आगामी 12 अक्टूबर से 10 नंबर तक स्काई लैंटर्न की ब्रिकी, भंडारण और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्काई लैंटर्न कागज से बना एक छोटा गुब्बारा होता है, जिसके नीचे एक खुला भाग होता है जहां दिया या किसी अन्य चीज से आग जलायी जाती है, जिससे गर्म हवा पैदा होती है और इससे वह आसमान में उड़ता है। पुलिस उपायुक्त (संचालन) अकबर पठान ने आदेश जारी कर कहा कि स्काई लैंटर्न के कारण आगजनी होती है और आमजन की सुरक्षा और शांति खतरे में पड़ती है। यह प्रतिबंध दो चरणों में लागू होगा।



जयपुर की अस्पताल में भीषण आग

## 6 मरीज जिन्दा जले

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में रविवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने से 6 मरीजों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य मरीज गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा रविवार रात करीब 12.30 बजे ट्रॉमा सेंटर की दूसरी मंजिल स्थित आईसीयू में हुआ, जब अधिकांश मरीज वेंटिलेटर और अन्य लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे।



अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि- हादसे के वक्त आईसीयू और सेमी-आईसीयू में कुल 18 मरीज भर्ती थे। इनमें से 11 मरीज उसी वार्ड में थे, जहां आग लगी थी। आग लगते ही वहां मौजूद मशीनों से उठे धुएं और जहरीली गैसों ने स्थिति और गंभीर बना दी। कई मरीज पहले से ही गंभीर हालत में थे या कोमा में थे, जिससे उनका रेस्पॉन्स कमजोर था। जब तक मरीजों को नीचे शिफ्ट किया गया, तब तक 6 मरीजों ने दम तोड़ दिया। मृतकों में 4 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। दमकल विभाग द्वारा करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। 18 मरीजों को तुरंत दूसरे वार्डों और अस्पताल के सुरक्षित हिस्सों में शिफ्ट किया गया। इनमें से 5 की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

जहरीली सिरप मामले में मुख्यमंत्री ने दिए कड़े निर्देश

## औषधि नियंत्रक हटाए गए, डिप्टी डायरेक्टर समेत 3 अधिकारी निलंबित

- अभियान चलाकर घर-घर से जप्त करें प्रतिबिंधत दवा
- चिकित्सकों के संगठन और केमिस्ट एसोसिएशन का सहयोग लिया जाए

**भोपाल, देशबन्धु।** जहरीली सिरप मामले में मुख्यमंत्री ने कड़े निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में आज औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर शरद कुमार जैन, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन शोभित कोस्टा को निलंबित और औषधि नियंत्रक दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा प्रकरण के संबंध में आज मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, राज्य सरकार सजग और संवेदनशील है, मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डॉ. यादव ने कहा कि कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दुकानों में विद्यमान स्टॉक जप्त किया जाए। छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में जिन परिवारों ने यह दवा ली है, उनके घरों से दवा रिकवर करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए। कोल्ड्रिफ सिरप दवा के अलावा पिछले दिनों क्षेत्र में बिकने वाली अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का भी आकलन कराया जाए। दवाओं पर जो चेतावनी और सावधानियों की जांच के लिए अभियान चलाया जाए। नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जाए। 4 साल से कम उम्र के बच्चों को कॉम्बिनेशन ड्रग न देने की व्यवस्था है, जो डॉक्टर इस व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं, उन पर भी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने परासिया में प्रभावित परिवारों से की मुलाकात, बंधाया ढांढस

## यह सिर्फ आपकी नहीं, हम सबकी पीड़ा है



**छिंदवाड़ा/ भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमानक कफ सिरप के कारण मृत बच्चों के परिजनों से आज परासिया में उनके घर जाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गहन दुख व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधाया और नम आंखों से अपनी आत्मीय संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने शोक संतप्त परिजन के आंसू पोछते हुए कहा कि यह सिर्फ आपकी नहीं, मेरी और हम सबकी पीड़ा है। आपके बच्चों का दुख मेरा भी है। वेदना की इस घड़ी में मैं, और पूरी सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। डॉ. यादव की मौजूदगी ने शोक संतप्त परिजन को एक भावनात्मक संबल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परासिया क्षेत्र की नगर परिषद न्यूटन पहुंचकर मासूम को खोने वाले खान परिवार और ग्राम बेलगांव के डेहरिया परिवार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बाद में परासिया मुख्यालय पहुंचे और वहां खान परिवार, ग्राम दीघावानी के यदुवंशी परिवार और उमरेठ के सोनी परिवार से मुलाकात की। डॉ. यादव ग्राम बड़कुही पहुंचकर यहां के ठाकरे परिवार, ग्राम सेठिया के पिपरे परिवार और ग्राम इकलेहरा के उईके परिवार से मुलाकात कर उनके दु:ख में शामिल हुए ।

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान पथराव और आगजनी के बाद लगाया कटक में कर्फ्यू, तनाव बरकरार

**कटक, एजेंसी।** ओडिशा के कटक में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मामूली बात को लेकर हुई झड़प, पथराव और आगजनी के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं अन्य 13 थाना क्षेत्रों में धारा 144 लागू कर दी गई है। साथ ही 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

घटना के बाद शहर के संवेदनशील इलाकों दरगाह बाजार, गौरीशंकर पार्क और बिद्याधरपुर में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है और साथ ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को भी बुलाया गया है। हालात नियंत्रण में लेकिन तनाव बरकरार है। पुलिस और चश्मदीदों के मुताबिक, शनिवार करीब रात डेढ़ से 2 बजे के बीच एक दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह काठजोड़ी नदी की तरफ जाने के लिए दरगाह बाजार इलाके से गुजर रहा था। इस दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने रात में तेज म्यूजिक बजाने पर आपत्ति जताई। जिसको लेकर बहस से शुरू हुए विवाद देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। जुलूस में शामिल लोगों ने तोड़फोड़ की वहीं छतों से पत्थर और बोतलें फेंकी गईं, जिसके बाद जुलूस में शामिल लोगों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस हिंसा में कटक के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) खीलारी ऋषिकेश द्न्यानदेव सहित कई लोग घायल हुए हैं। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस दौरान अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और पुलिस सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और मोबाइल फुटेज की मदद से दूसरे आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मामला उस समय और बिगड़ गया, जब विहिप ने रैली निकाली। प्रशासन की रोक के बावजूद रविवार शाम को मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। यह रैली बिद्याधरपुर से शुरू होकर दरगाह बाजार होते हुए सीडीए सेक्टर 11 तक गई। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे तोड़े गए और गौरीशंकर पार्क क्षेत्र में कुछ दुकानों को नुकसान पहुंचा या आग के हवाले कर दिया गया। इस बीच विहिप ने सोमवार को 12 घंटे के कटक बंद का ऐलान किया और डीसीपी तथा कलेक्टर के तबादले की मांग की।

## रायबरेली में दलित की हत्या से आक्रोश

- अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया
- 4 साल की है बेटी
- विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा

**रायबरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दलित व्यक्ति को चोर समझकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिससे राज्य में आक्रोश और राजनीतिक बवाल मच गया। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की पहचान हरिओम के रूप में हुई है और स्थानीय लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और बेल्ट से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

उसके परिवार के अनुसार, हरिओम दांडेपुर जमुनापुर स्थित अपने ससुराल जा रहा था, तभी भीड़ ने उसे घेर लिया और ड्रोन चोर होने के शक में उसकी पिटाई शुरू कर दी। रायबरेली के एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने पुष्टि की है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा, ऊंचाहार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को चोर समझकर कुछ लोगों द्वारा पीट-पीटकर मार डालने के मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज कर पांच लोगों को जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपियों की जल्द ही पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। सिन्हा ने यह भी बताया कि लापरवाही के आरोप में एक सब-इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। हरिओम की पत्नी पिंकी ने अपने पति की हत्या के लिए न्याय की मांग की है। दंपति की एक चार साल की बेटी है। पिंकी ने बताया, उन्होंने उसे पकड़ लिया और पीट-पीटकर मार डाला। आरोपियों को उसी तरह सजा मिलनी चाहिए जैसे मेरे पति की हत्या हुई। मुझे सरकार से न्याय चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश पर जूता फेंकने का प्रयास

> आरोपी वकील ने लगाया नारा- सनातन का अपमान नहीं सहेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में बहस करते हुए एक वकील ने सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर जूता फेंकने का प्रयास किया। यह तो गनीमत रही कि समय रहते सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। आरोपी वकील ने जूता फेंकने के साथ ही नारा लगाा कि - सनातन का अपमान नहीं सहेंगे।

आरोपी वकील का नाम राकेश किशोर बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने आरोपी वकील की सनद रद्द कर दी है।

इस पूरी घटना के दौरान प्रधान न्यायाधीश गवई ने शांति बनाए रखी और कहा कि हम इससे विचलित नहीं होते, आप लोग अपनी दलीलें जारी रखें। जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। नई दिल्ली जिले के डीसीपी और सुप्रीम कोर्ट के डीसीपी भी मौके पर हैं मौजूद हैं।

माना जा रहा है कि यह घटना खजुराहो में भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति से जुड़े एक पुराने मामले में प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी को लेकर हुई है, टिप्पणी का कई हिंदूवादी संगठनों ने विरोध किया था। हालांकि सुरक्षाकर्मी ऐसी घटना से इंकार करते हुए बस इतना कह रहे हैं कि एक आदमी कोर्ट में शोर मचा रहा था, उसे निकाल दिया गया है। दरअसल, खजुराहो में भगवान विष्णु की सिर कटी मूर्ति को पुर्नस्थापित करने की एक शख्स की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा था, 'जाओ और देवता से ही कुछ करने के लिए कहो, तुम कहते हो कि तुम भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, तो जाओ और अभी प्रार्थना करो। श्री गवई ने कहा था कि यह एक पुरातात्विक स्थल है और एएसआई को अनुमति आदि देने की आवश्यकता है, क्षमा करें। 'उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनके विरोध की बाढ़ आ गई थी।

जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने विवाद बढ़ने के बाद कहा था कि उनकी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। श्री गवई ने कहा, था कि किसी ने मुझे बताया कि मेरे द्वारा की गई टिप्पणियों को सोशल मीडिया पर एक खास तरीके से पेश किया गया है, मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं।

दो चरणों में होगा चुनाव

## बिहार विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा




> पूरी चुनावी मशीनरी तत्परता के साथ मतदाताओं के साथ खड़ी रहेगी। कानून व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से कराए जाएंगे : **ज्ञानेश कुमार**, मुख्य चुनाव आयुक्त

- 243 सीटों के लिए 6 और 11 नवम्बर को डाले जाएंगे वोट
- 14 नवम्बर को आएंगे नतीजे
- 10 को जारी होगी अधिसूचना
- 7.42 करोड़ हैं कुल मतदाता

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों- छह और 11 नवंबर को कराया जाएगा तथा मतगणना 14 नवम्बर को होगी। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छह नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 17 अक्टूबर तक कराए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 18 अक्टूबर को होगी और नाम 20 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण में 11 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 20 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी तथा 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

श्री कुमार ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया 16 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी। इस चुनाव में राज्य के कुल 7.42 करोड़ मतदाता 90712 मतदान केंद्रों पर मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। आयोग ने चुनाव व्यवस्था संभालने के लिए साढे आठ लाख कर्मियों की व्यवस्था की है। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ विवेक जोशी तथा सुखबीर सिंह संधु के लावा आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में इस बार 90,712 पोलिंग बूथ होंगे। शहरी क्षेत्रों में 13,911 और ग्रामीण क्षेत्रों में 76,801 बूथ होंगे। 1,044 पोलिंग बूथों की जिम्मेदारी महिलाओं के पास होगी। उन्होंने बताया कि फर्स्ट टाइम वोटर लगभग 14 लाख हैं। राज्य में 1,725 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। करीब 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता, 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक भी वोटर सूची में हैं, जबकि 100 साल के अधिक उम्र की मतदाताओं की संख्या 14 हजार है।

### 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का भी ऐलान

चुनाव आयोग ने 7 राज्यों में 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीख का भी घोषणा की है. इन चुनावों के मतदान 11 नवंबर, 2025 को डाले जाएंगे। जिन सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें राजस्थान की अंटा, जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नागरोटा, पंजाब की तरनतारन, झारखंड की घाटशिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, मिजोरम की डांपा और ओडिशा की नुआपाड़ा सीट शामिल हैं। इन सीटों पर भी चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को ही आएंगे।

सोनम वांगचुक की हिरासत पर हुई सुनवाई

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जारी किया नोटिस

> वांगचुक की पत्नी ने दाखिल की है याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी किया। यह याचिका वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन को सोनम वांगचुक की कथित रूप से गैर-कानूनी हिरासत के खिलाफ दाखिल याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने आदेश दिया कि हिरासत से संबंधित दस्तावेज और आदेश की कॉपी याचिकाकर्ता यानी वांगचुक की पत्नी को मुहैया कराई जाए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि सोनम वांगचुक को जेल में उचित चिकित्सा सुविधा दी जाए।

कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 14 अक्टूबर (मंगलवार) तय की है। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने अपनी याचिका में कहा था कि सोनम वांगचुक को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है और उन्हें किसी वैधानिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने अपील की कि सुप्रीम कोर्ट तुरंत हस्तक्षेप करते हुए सोनम वांगचुक को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दे, ताकि उनकी सुरक्षा और कानूनी अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें।

इससे पहले, गीतांजलि अंगमो ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक भावुक पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र में लिखा, मेरे पति को पिछले 4 साल से लोगों के हितों के लिए काम करने की वजह से बदनाम किया जा रहा है। वह कभी भी किसी के लिए खतरा नहीं बन सकते। सोनम वांगचुक को 26 सितंबर को लद्दाख में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़काने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। इस हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी। यह हिंसा लेह में लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई। करीब 90 लोग हिंसा के दौरान घायल हुए थे।

चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल का ऐलान

## मैरी ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल व शिमोन सकागुची को पुरस्कार

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** वर्ष 2025 के चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार विजेताओं को नाम का ऐलान किया है। इस साल तीन वैज्ञानिकों- मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन सकागुची को चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार शरीर की रक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) को बेहतर समझने की खोज- पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस के लिए मिला है। इन खोजों ने अनुसंधान की नई राह खोल दी है। इससे कैंसर तथा ऑटोइम्यून रोगों के उपचारों को और प्रभावी बनाने में मदद मिल सकती है।

ब्रुनको सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हैं। रामस्डेल सैन फ्रांसिस्को स्थित सोनोमा बायोथेरेप्यूटिक्स के वैज्ञानिक सलाहकार हैं। साकागुची जापान के ओसाका विश्वविद्यालय के इम्यूनोलॉजी फ्रंटियर रिसर्च सेंटर में एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार को आधिकारिक तौर पर 'फिजियोलॉजी या मेडिसिन' का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है। यह सम्मान 1901 से 2024 के बीच 115 बार 229 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किया जा चुका है। यह पुरस्कार 2025 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणाओं में से पहला है। स्टॉकहोम के कैरोलिंस्का संस्थान में एक पैनल द्वारा इसकी घोषणा की गई।

## सार-समाचार

### यात्री बस से संदिग्ध खोवा जब्त



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा कोतवाली पुलिस के सहयोग से शहर में बसों की चेकिंग के दौरान यात्री बस नंबर एमपी 36 पी 0322 से संदिग्ध खोवा जब्त किया गया। निरीक्षण में कुल 30 बोरी संदिग्ध खोवा की 1649 किलो मात्रा बाजार मूल्य 4,12,418 रुपये जब्त किया। उक्त जब्त खोवा के स्टॉक को अग्रिम कार्यवाही हेतु मारुताल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कोल्ड स्टोरेज में सीलबंद करके सुरक्षित रखवाया गया। दमोह जिले के समस्त उपभोक्ताओं को आगामी त्यौहारों में शुद्ध एवं सुरक्षित खोवा, मिठाइयां एवं अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जायेगी।

### राज्यपाल के सागर दौरे से जिले वासियों को मिली निराशा: सुरेन्द्र चौधरी



**सागर, देशबन्धु।** राज्यपाल के सागर जिले के दौरे को निराशा जनक बताते हुये पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि राज्यपाल के दौरे से जिलेवासियों को उम्मीद जागी थी कि महामहिम सागर जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था बढ़ते अपराधों, विभिन्न विभागों के व्याप्त भ्रष्टाचार तथा फसल बर्बादी और विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे किसानों को खाद, बीज की उपलब्धता के साथ-साथ बेरोजगारी के चलते रोजगार की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर बेरोजगारों, महिलाओं के साथ घटित हो रही अन्याय, अत्याचार, उत्पीड़न की घटनाओं के साथ ही अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग की समस्याओं और जिलें की बेलगाम प्रशासनिक व्यवस्था में लगाम लगाने की दिशा में कोई ठोस कदम उठायेंगे किन्तु ऐसा न होने से जिलें के आमजनों को निराशा हाथ लगी है।

### कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अतिरिक्त दायित्व सौंपे

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के आदेशानुसार प्रशासकीय अनुमोदन उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश को निरस्त किया है। भारती निगम, प्राचार्य शास. उच्च. माध्य. विद्यालय गौरनगर आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी सागर का प्रभार, प्रशासकीय एवं वित्तीय अधिकारी का दायित्व तत्काल प्रभाव से सौंपा है। मयंक नेमा उच्च.माध्य. शिक्षक शास.उच्च.माध्य. विद्यालय बम्हौरी टीका को अपने शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ सागर विकासखंड का सीएम हेल्पलाईन नोडल प्रभारी नियुक्त किया है एवं महेश कुमार पटैल उच्च.माध्य. शिक्षक शास. उच्च. माध्य. विद्यालय सेमरागोपालमन को अपने शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ सागर विकासखंड का छात्रवृत्ति नोडल प्रभारी नियुक्त किया है।

### अवकाश होने के कारण आज जनसुनवाई स्थगित रहेगी

**सागर, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार बाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण आज मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई स्थगित रहेगी।

### भारतीय शैली कुश्ती संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित

**सागर, देशबन्धु।** भारतीय शैली कुश्ती संघ की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया एवं प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव की अनुशंसा पर जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित कार्यकारिणी में कौशल सोनी जिलाध्यक्ष, रवि अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, अभिमन्यु सोनी जिला सचिव तथा चिंतामन यादव को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अशोक तिवारी, पप्पू यादव, प्रतीक दुबे, विनय जैन एवं ठकरी यादव को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया है एवं पूर्ण विस्तार बाद में किया जायेगा। कार्यकारिणी के गठन पर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाये दी और संघ के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।

# जिला क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन समारोह संपन्न

## नीरज सिंह ठाकुर बने क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष



**सागर, देशबन्धु।** सोमवार को जिला क्षत्रिय समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष हरिराम सिंह एवं संयोजक कृष्णा सिंह महुआखेडा के संयुक्त नेतृत्व में जिला क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिले के क्षत्रिय समाज के हजारों लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महाराणा प्रताप, महाराज छत्रसाल एवं राजा उद्देनशाह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जिला क्षत्रिय समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष हरिराम सिंह ने नगर निगम एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद प्रेषित करते हुये कहा कि उन्होंने हम सबके गौरव महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लिये उचित स्थान चयनित किया गया है जिसके लिये समाज ने उनका धन्यवाद प्रेषित किया। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को संबोधित करते हुये आग्रह किया कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के द्वारा गौरव के साथ संपन्न कराया जाये। उन्होंने कहा कि मैंने जिला क्षत्रिय समाज के पद से एक वर्ष पहले इस्तीफा दे दिया था अब क्षत्रिय समाज के लिये नये अध्यक्ष की नियुक्ति की जाये। जिस पर समाज के सभी लोगों ने हाथ उठाकर सहमति जतायी। कार्यक्रम में उपस्थित हजारों क्षत्रिय समाज के युवा एवं वरिष्ठ जनों से विचार विमर्श कर संयोजक कृष्णा सिंह महुआखेडा द्वारा नीरज सिंह ठाकुर नयाखेडा का नाम सर्वसहमति से घोषित किया गया। जिस पर समाज के सभी जनों ने सहमति जताते हुये निर्णय का स्वागत किया। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने समाज के सभी जनों को दशहरा की शुभकामनायें देते हुये जिला क्षत्रिय समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीरज सिंह ठाकुर को बधाई दी और कहा कि अब समाज की जिम्मेदारी आपके हाथों में है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में समाज द्वारा जो महाराणा प्रताप की मूर्ति के अनावरण एवं महाराणा प्रताप भवन की मांग की गई है उसे मैं पूर्ण कराने का भरसक प्रयास करूंगा और आपके आशीर्वाद से आप सब की यह मांग पूरी भी होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि हम सबको मिलकर समाज की एकता और भाईचारे के लिये काम करना है। अगर कोई हमारा समाज का व्यक्ति बहक गया है या भ्रम में आकर समाज के विकास कार्यों में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है तो उसे हम सबको समझाना है। चुनाव होते रहते है सभी पार्टी के लोग खडे होते हैं। हमे समाज के उत्थान के लिये काम करना है। इस तरह के सामाजिक सम्मेलन होते रहना चाहिये ताकि समाज में एकता की भावना आये तथा समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा मिले। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में राजकुमार सिंह बरकोटी, नर्मदा सिंह सुरखी, सौदान सिंह पूर्व अध्यक्ष, प्रमुख रहे एवं कार्यक्रम का आभार सत्यजीत सिंह ठाकुर बीना ने व्यक्त किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई महाराज दम घोष जयंती



**जैसीनगर, देशबन्धु।** भगवान श्री कृष्ण के फूफा चंद्रवंशी क्षत्रिय घोषी समाज के आदि पुरुष चेदीराज महाराज दम घोष की जन्म जयंती सोमवार को जैसीनगर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समाज की ओर से सोमवार शाम 6 बजे गोवर्धन टोरिया स्थित, गोवर्धन मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में महाराज दम घोष के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर उनकी पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान समाज के सभी वरिष्ठ व युवा जनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और उपस्थित लोगों में प्रसादी का वितरण किया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर उपस्थित जनों को महाराज दम घोष के जीवन और उनके आदर्शों के बारे में अवगत कराया। जन्म जयंती के इस कार्यक्रम में समाजिक सद्भाव और भाईचारे की भावना दिखाई दी। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को अपनी सांस्कृतिक और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम हैं। इस अवसर पर शालकराम घोषी, सुरेंद्र घोषी, अमोल घोषी, सोनू घोषी, तुलसीराम घोषी, राहुल घोषी, अंकेश घोषी, हर्षित घोषी, ललित घोषी, दीपेश घोषी, डब्बू घोषी, धर्मेंद्र घोषी, सागर घोषी, रोशन घोषी आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर पलटने से 14 महिला मजदूर घायल, 2 गंभीर



**खुरई, देशबन्धु।** सोमवार दोपहर फसल कटाई के लिये जा रही महिला मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई, जिसमें सवार 14 महिलायें घायल हो गईं। यह हादसा बरोदिया नौनागिर गांव से तोड़ाकाछी के बीच हुआ। सभी महिलायें तोड़ाकाछी गांव के एक किसान की सोयाबीन फसल काटने के लिये जा रही थी। ट्रॉली में 14 महिलाये सवार थी। रास्ते में कच्चे और ऊबड़-खाबड़ मार्ग पर ट्रैक्टर के पहियों से बनी गहरी नालियों के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया। ट्रॉली एक ओर झुकते हुये पलट गई, जिससे सभी महिलायें एक-दूसरे के ऊपर गिर पड़ी। इस हादसे में दो महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। एक का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि दूसरी की कमर में गंभीर चोट बताई जा रही है। शेष महिलाओं को भी हाथ-पैर, सिर और पीठ में मामूली चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस तथा निजी वाहनों की मदद से सभी घायल महिलाओं को खुरई सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं को निगरानी में रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस रास्ते से ट्रॉली जा रही थी, वह बहुत खराब है और अकसर वाहन फिसल जाते हैं। उनका कहना है कि अगर ट्रॉली पूरी तरह पलट जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल सभी घायल महिलायें खुरई अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन 11 अक्टूबर को

**सागर, देशबन्धु।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शास. कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में 11 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 11. 30 बजे से 1.30 तक स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रानी अवंतीबाई लोधी विवि के कुलगुरु डॉ. विनोद कुमार मिश्रा होंगे। विषय प्रवर्तन का कार्य स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल करेंगे। मुख्य वक्तव्य पंजाब केंद्रीय विवि के चेयर प्रो. डॉ. कन्हैया त्रिपाठी द्वारा होगा। सारस्वत वक्ता के रूप में काशी हिंदू विवि के सहायक प्राध्यापक डॉ. नवल किशोर मिश्रा एवं स्वदेशी जागरण मंच सागर के कार्यकर्ता रविंद्र ठाकुर वेबीनार में जुड़ेंगे। वेबीनार का संयोजन क्षेत्रीय अति. संचालक उच्च शिक्षा डॉ. नीरज दुबे के संरक्षण में तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में इतिहास विभाग से रेणु सोलंकी, डॉ. भरत कुमार शुक्ला, डॉ. जय नारायण यादव, डॉ. शिखा चौबे के द्वारा किया जायेगा।

# सुरखी नगर परिषद ने अनोखे अंदाज में मनाया सेवा पखवाड़ा



**सुरखी, देशबन्धु।** नगर परिषद सुरखी द्वारा सेवा पखवाड़े का आयोजन एक अनोखे और प्रेरणादायक तरीके से किया गया। इस दौरान शासकीय योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया तथा स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में मंत्री गोविंद सिंह ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। मंत्री के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने रक्तदान कर सेवा भावना का परिचय दिया। गौरतलब है कि सेवा पखवाड़ा दिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक पूरे देश में मनाया गया। लेकिन सुरखी नगर परिषद द्वारा मनाये गये सेवा पखवाड़े की चर्चायें आज भी दूर दूर तक हो रही हैं। नगर परिषद सीएमओ राजेश खटीक एवं नगर परिषद अध्यक्ष सीता ओंकार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न वार्डों में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने शिविरों का आयोजन किया गया। साथ ही लंबित कार्यों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। नल जल योजना, साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था, धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कार्यों को प्राथमिकता देते हुये पूर्ण करने का प्रयास किया। सेवा पखवाड़े के दौरान सभी वार्ड पार्षदों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि सेवा और विकास दोनों की भावना एक साथ साकार हो।

### रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**बीना, देशबन्धु।** खुरई-सागर रेलवे ट्रैक पर सिलोधा गांव के पास एक महिला का शव मिला, मृतका की पहचान सिलोधा निवासी उदय सिंह राजपूत की पत्नी सविता राजपूत 42 के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिये अस्पताल भेजा। पोस्टमॉर्टम के दौरान मृतका के मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। मायके पक्ष का आरोप है कि सविता की ससुराल वालों ने हत्या कर दी और शव को ट्रेन दुर्घटना का रूप देने के लिए रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि उनकी बहन की मौत की जानकारी परिवार को नही दी गई और उन्हें सूचित किये बिना ही पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा था। उन्हें तब पता चला जब शव को गांव ले जाने की तैयारी की जा रही थी। परिजनों का कहना है कि सविता का पति अकसर शराब के नशे में उससे मारपीट करता था और उसे मायके जाने से भी रोकता था। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह मामला ट्रेन की टक्कर से मौत का लग रहा है। देहात थाना पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पायेगा।

# शरद पूर्णिमा पर गंगा आरती में शामिल हुए कई स्थानों से आए श्रद्धालु



**सागर, देशबन्धु।** ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील किनारे पिछले वर्ष से प्रत्येक सोमवार को लगातार जीरो वेस्ट इवेंट की तर्ज पर की जा रही गंगा आरती में सोमवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रिटायर्ड एडीजी एनएस जामवाल द्वारा सपरिवार मुख्य यजमान बनकर आरती में पूजन कर धर्म लाभ लिया गया। आरती के दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न स्थानों से आये श्रद्धालुजन मातायें, बहिनें, युवा, बुजुर्ग सभी ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया और अपने शहर झील जलस्त्रोत आदि ऐतिहासिक विरासतों स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने हेतु प्रेरणा ली। गंगा आरती के कारण लाखा बंजारा झील, बावड़ी कुआं आदि जल स्त्रोतों की पवित्रता एवं स्वच्छता के प्रति भावनात्मक रूप से जुड़कर नागरिक जागरूक हो रहे हैं इससे जल का संरक्षण संभव हो पा रहा है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में लाखा बंजारा झील किनारे चकराघाट पर आयोजित की जा रही गंगा आरती में बड़ी संख्या में विभिन्न वार्डों नागरिकों का जुड़ाव हो रहा है वे श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। पिछले एक वर्ष से विभिन्न स्थानों से आये नागरिक जन गंगा आरती में शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं तथा गंगा आरती के आयोजन की प्रशंसा कर रहे हैं।

# अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को 12 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** 5 अक्टूबर को फरियादी द्वारा चौकी शाहपुर में अपनी नाबालिग पुत्री के घर से बिना बताये लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट प्राप्त होते ही चौकी शाहपुर थाना सानोधा पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये तत्काल अपहर्ता की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस की सक्रियता और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आरोपी निवासी सुजनीपुर के कब्जे से पीड़िता को मात्र 12 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब किया गया। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी से सघन पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी रज्जन अहिरवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक भरत सिंह ठाकुर, अशोक उपाध्याय, रामेन्द्र राजपूत, शिवराज उइके, लकी अहिरवार, सलोनी प्रजापति की भूमिका रही।

### कचरे को ढेर को हटाकर, स्वच्छ स्थान बनाकर, किया पौधारोपण

**मालथौन, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्र.1 मुख्य बाजार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता के महा अभियान स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत नगर परिषद मालथौन द्वारा स्वच्छता लक्षित इकाई में काम किया गया। यहां पहले एक कचरे का ढेर लगा हुआ था। नगर परिषद के मुख्य नपा अधिकारी के दिशा निर्देश में इस जगह को जीसेबी तथा सफाई मित्रों एवं एनजीओ की मदद से साफ किया। सफाई उपरांत यहां पर पेंटिंग तथा पौधारोपण किया गया। इस अभियान में सीएमओ, इंजीनियर, सफाई मित्र, आईईसी टीम तथा शहर के नागरिक सम्मिलित हुये।



# आचार्य छत्तीसी विधान पूजन का हुआ आयोजन



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर के बाजार प्रांगण में एव्ही एस समाजोत्थान समिति एवं सकल जैन समाज द्वारा आचार्य विद्यासागर के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय शरदोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दूसरे दिवस सोमवार को आचार्य छत्तीसी विधानपूजन आर्यिका श्री सूत्रमती संसघ सानिध्य में संपन्न हुआ। प्रभात बेला में प्रांगण में श्रीजी को पांडुशिला पर विराजमान कर अभिषेक पूजन हुआ जिसके पश्चात आर्यिका श्री के मुखारविंद से मंत्रोच्चारण कर विश्व के कल्याण, जीवदया की मंगल कामना के साथ शांतिधारा संपन्न हुई। तद्पश्चात नृत्यमय पूजन के पश्चात आचार्य छत्तीसी विधान पूजन हुआ। दोपहर में आर्यिका श्री के मंगल प्रवचन हुये। अवतरण दिवस के उपलक्ष्य मिष्ठान वितरण हुआ। शाम को आरती सजाओ प्रतियोगिता, शरद पूर्णिमा के दो चांद नाटिका का पाठशाला खिमलासा परिवार द्वारा मंचन किया गया। रविवार शाम को आयोजन में प्रतिभा स्थली जबलपुर से ब्रह्मचारणी बहिनें शामिल हुई उन्होंने धर्मसभा को संबोधित किया। आचार्य श्री विद्यासागर के आशीर्वाद संचालित प्रतिभा स्थली और गौशालाओं की उपलब्धियों के बारे बताया, डिजिटल पर्दा के माध्यम से प्रदर्शनी दिखाई गई।

# सोयाबीन भावान्तर योजना की व्यापारियों, किसानों को दी जानकारी



**मालथौन, देशबन्धु।** सोयाबीन भावान्तर योजना अंतर्गत अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम मनोज चौरसिया की अध्यक्षता में मंडी व्यापारियों, कृषकों तथा मंडी स्टाफ की बैठक ली गई। जिसमें मंडी व्यापारियों, कृषकों को भावान्तर भुगतान योजना की जानकारी दी गई। सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये व्यापारियों और कृषकों तथा मंडी स्टाफ से चर्चा कर निर्देश दिये। जिसमें उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसानों के पंजीयन कराये जाये, जिससे किसानों योजना का लाभ प्राप्त हो। 3 अक्टूबर से पंजीयन शुरू हो गये है 17 अक्टूबर तक निर्धारित पंजीकरण केंद्रों पर अपना पंजीकरण करायें। पंजीकृत किसान 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक की अवधि में पंजीकरण की प्रति लेकर मंडी में अपनी सोयाबीन का विक्रय कर सकते हैं। बेचने के बाद व्यापारियों की ओर से भुगतान एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से किया जायेगा। शासन हर 15-15 दिनों में मंडियों के मॉडल रेट निर्धारित कर एमएसपी के अंतर की राशि किसानों के बैंक खातों में सीधे भेजेगी।

## सार समाचार

### विद्युत शिकायत निवारण शिविर 8 एवं 22 को

**छतरपुर, देशबन्धु।** मप्र विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार छतरपुर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 8 एवं 22 अक्टूबर को किया जाएगा। यह शिविर सटई रोड पर स्थित अधीक्षण अभियंता विद्युत कार्यालय छतरपुर में प्रात: 11 से 1 बजे तक लगेगा। अधीक्षण अभियंता ने विद्युत उपभोक्ताओं से कहा है कि वे नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर शिविर में अपनी शिकायतों दर्ज कराके निराकरण करा सकते हैं।

### शरद पूर्णिमा पर मतंगेश्वर मंदिर में दर्शनार्थ उमड़े श्रद्धालु

**खजुराहो, देशबन्धु।** विश्व पर्यटन नगरी में शरद पूर्णिमा के अवसर पर चंदेलकालीन प्रसिद्ध मतंगेश्वर महादेव शिवलिंग पर भगवान शिव की भव्य चित्र की झांकी उकेरी गई है। यहां दर्शनार्थ बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



शरद पूर्णिमा पर छतरपुर से प्रसिद्ध मूर्तिकार व चित्रकार दिनेश शर्मा ने मतंगेश्वर शिवलिंग पर भगवान शिव का मनोहारी चित्र बनाया जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बना है। मंदिर के पुजारी पं बाबूलाल गौतम ने बताया शरद पूर्णिमा के मौके पर मतंगेश्वर महादेव के श्रृंगार रूपी दर्शन के लिए दूर दूर से लोग तो आते हैं। साथ ही बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी यहां आकर दर्शन करते हैं। सोमवार शाम 6 बजे पूजन के बाद भगवान मतंगेश्वर का नया स्वरूप भक्तों के लिए खोल दिया गया, जिसे देखने के लिए आस्थावान शिवभक्तों की भारी भीड़ ने पूजा करके मनौती मांगी।

### पाल समाज व पत्रकारों ने किया दशहरा मिलन

**गौरिहार, देशबन्धु।** बीते रोज गौरिहार में दो जगह दशहरा मिलन कार्यक्रम हुए। पत्रकार प्रमोद अवस्थी द्वारा आयोजित दशहरा मिलन कार्यक्रम में तहसीलदार नारायण कोरी, गौरीहर टीआई संदीप दीक्षित, सरवई थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव, पूर्व प्रत्याशी संतोष अहिरवार, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष श्याम खरे, राजकुमार सोनी, पत्रकार राजेंद्र सिंह लवकुशनगर से सुशील द्विवेदी, आशीष अवस्थी, बारीगढ़ से अवधेश चौरसिया, मनीष चौरसिया, शेख मोहम्मद, डीडी प्रजापति, सरवई से राममिलन घोष, अवधेश शुक्ला, विष्णु दीक्षित, बबलू विश्वकर्मा, गौरिहार से प्रकाश मिश्रा, अजीज खान, रामबाबू पाल, जीतेंद्र बाजपेई, राजकुमार रिछारिया, राघवेंद्र रिछारिया, वीरेंद्र पटेल, उदय अवस्थी, दुर्गेश शुक्ला, चंदला से योगेंद्र सिंह, मनीष तिवारी सहित अन्य लोग शामिल हुए। दूसरा कार्यक्रम जनपद सभाकक्ष में पाल समाज के युवा नेता और भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रविकरण पाल द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राजमंत्री दिलीप अहिरवार थे। कार्यक्रम में देवीदीन पाल, रामऔतार पाल, जनपद उपाध्यक्ष अमित बाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह,मंडल अध्यक्ष लखन अवस्थी, दीनानाथ पाल, रूद्र पटेल, जगतपाल सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### शिक्षकों को नहीं मिला सितंबर का वेतन, बाबू की लापरवाही बनी वजह

**सिलवानी, देशबन्धु।** सिलवानी ब्लॉक के लगभग 1000 शिक्षकों को सितंबर माह का वेतन अब तक नहीं मिल पाया है, जिससे वे भारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रानी अहिरवार का अवकाश पर होना और कार्यालय में पदस्थ बाबू की लापरवाही बताई जा रही है।शिक्षकों ने बताया कि उन्होंने समय पर अपनी उपस्थिति और संबंधित दस्तावेज़ विभाग में जमा कर दिए थे, फिर भी वेतन भुगतान नहीं हुआ। त्योहारी सीजन में वेतन न मिलने से शिक्षक मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा त्योहार सामने हैं और घर चलाना मुश्किल हो गया है। कई जरूरी खर्च अधर में हैं। विभाग को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए ताकि अधिकारी के अवकाश में भी भुगतान बाधित न हो। जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक के अनुसार बीईओ रानी अहिरवार की तबीयत खराब है और वे भोपाल के अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कार्यालय में पदस्थ बाबू शिवम श्रीवास्तव को निर्देशित किया था कि वह वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर, आवश्यक ओटीपी लेकर बिल पास कराएं। लेकिन क्रिएटर की जिम्मेदारी निभा रहे शिवम श्रीवास्तव द्वारा बिल ही जनरेट नहीं किया गया है, जिससे भुगतान की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

रोजगार सहायक पर लाखों की धांधली का आरोप, सीईओ से कार्रवाई की मांग

# पीएम आवास में घोटाला, परिवार को दिलाया लाभ और बेच डाला टैंकर

**गौरिहार, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत किशुनपुर में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक मनीष लखेर पर लाखों रुपए की धांधली का आरोप लगाते हुए सरपंच ने जिला पंचायत के सीईओ से बिंदुवार शिकायत करके कार्यवाही की मांग की है।

शिकायती पत्र का हवाला देत हुए सरपंच प्रीति खटीक और रामस्वरूप सोनी ने बताया ग्राम रोजगार सहायक मनीष लखेर गांव में पिछले करीब 10 सालों से अधिक समय से पदस्थ है। उसने नियम विरुद्ध तरीके से अपने पिता, भाई और बहनों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया है। मनीष ने वर्ष 2020-21 में अपने पिता इश्वरीदीन लखेर को अपात्र होने के बावजूद पशुशेड के नाम से 1 लाख 20 हजार रुपए का लाभ दिलाया है। उसने अपनी विवाहित बहनों ऊषा, निशा और निकिता के नाम 2-3 संतान होने के बावजूद परिवार आईडी क्रमांक 30006774 में जोड़ रखे हैं। जबकि गांव की अन्य युवतियों के नाम विवाह के बाद नियमानुसार काट दिए गए हैं। रोजगार सहायक ने अपनी बहन नीलम लखेर के नमा से पीएम आवास भी स्वीकृत कराया है जबकि किशुनपुर में इनका पुराना पक्का मकान भी है। रामेश्वर पाल के नाबालिग पुत्र सुरेश पाल के नाम बिना आईडी के पीएम आवास स्वीकृत कर दिया। नत्थू पुत्र सिपहिया अनुरागी का मकान होने के बावजूद पीएम आवास का लाभ दिया गया। जगना पुत्र गुमना अनुरागी, घमंडी पुत्र भवानीदीन अनुरागी सहित कई अन्य लोगों से लेन देन करके उनके अपूर्ण पीएम आवासों को पूर्ण दिखाया गया है। इतना ही नहीं पंचायत में पेयजल व्यवस्था के लिए मिले टैंकर को सचिव से मिलकर बेच डाला है।




#### इनका कहना है

मुझे इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं है। पंचायत का जो टैंकर खराब हो जाने से उसे अलग कर दिया है। बाकी सब तो वरिष्ठ अधिकारी ही बता पाएंगे।

**रामप्रसाद विश्वकर्मा**
**सचिव, पंचायत किशुनपुर**

#### हर काम के वसूले जाते हैं पूरे दाम

पंचायत संबंधी कार्यों में परिवार आईडी में नाम जुडवाने, राशन पर्ची बनवाने, प्रमाणपत्र लेने, आवास का लाभ, आईडी में नाम शामिल कराने से लेकर हर काम के दाम वसूलने का आरोप भी रोजगार सहायक पर लगाया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार के सहारे नौकरी के दस साल में ही रोजगार सहायक ने काफी संपत्ति जोड ली है। उसके पास गौरिहार में लाखों रुपए कीमत वाले दो मकान, 20 लाख की लागत वाले मेडिकल स्टोर भाई के नाम से खुलवाया है। जिसमें भाई बिना डिग्री के मरीजों का इलाज भी करता है। ग्राम पंचायत की सरपंच ने सीईओ को 9 बिंदुओं की जांच कराके कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में जनपद सीईओ डॉ दीपा कोटस्थाने से बात करने का प्रयास किया मगर उन्होंने काल रिसीव ही नहीं की।

# गायों की मौत पर एक्शन : सीएमओ को नोटिस, पटवारियों की ड्यूटी लगाई

**छतरपुर, देशबन्धु।** बीते रोज सागर-कानपुर नेशनल हाइवे पर 15 गायों की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन एक्शन में आया है। बडामलहरा एसडीएम ने नगरपरिषद बड़ामलहरा के सीएमओ को मृत गायों का पोस्टमार्टम न कराने और उनका अंतिम संस्कार न करने पर नोटिस देकर दो दिन में जवाब मांगा है। साथ ही पटवारियों को गौशालाओं का निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम आयुष जैन ने बडामलहरा नगर परिषद के सीएमओ रामसजीवन पटेल को दिए नोटिस में कहा है कि 5 अक्टूबर को सड़क दुर्घटना में कई गौवंश की मृत्यु होने के बाद सीएमओ द्वारा न पोस्टमार्टम कराया, न सम्मानजनक तरीके से शवों का अंतिम संस्कार किया गया। जबकि इसके लिए सीएमओ को दूरभाष पर निर्देशित भी किया गया था। तब भ्रामक जानकारी देते हुए बताया गया कि मृत गौवंश को गड्ढों में दबाया गया है, पर सच्चाई ये रही कि शवों को गड्ढों में न दबाकर जंगल में खुले में फेंक दिया गया है। न ही सीएमओ ने नगर में घूमने वाले बेसहारा पशुओं को गौशालाओं में भेजा गया। इसे पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही मानकर नोटिस का जवाब दो दिन में देने के निर्देश दिए गए हैं।

#### पटवारियों को दिए निरीक्षण के निर्देश

एसडीएम आयुष जैन ने बताया कि अनुभाग बड़ामलहरा के अंतर्गत संचालित गौशालाओं में संबंधित हल्का पटवारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्हें गौशालाओं का निरीक्षण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें कहा गया है कि गौशालाओं में दर्ज एवं उपस्थित गौवंश की संख्या, गौवंश को चारा-भूसा और पानी की उपलब्धता के बारे में प्रतिवेदन तैयार करके 7 अक्टूबर तक अनिवार्य रुप से प्रस्तुत करें।

### छत का प्लास्टर गिरने से विद्यालय के प्राचार्य बाल- बाल बचे

नागदा, देशबन्धु । उज्जैन जिले के नागदा में संचालित भारत कॉमर्स उ.मा. विद्यालय के प्राचार्य कक्ष की छत का प्लास्टर अकस्मात गिर गया। गनीमत थी कि प्राचार्य राउंड पर थे और वह बाल- बाल बच गए। स्कूल संचालन कमेटी के प्रेसिडेंट एस. एन.शर्मा से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने शनिवार को दूरभाष पर बड़ौदा से इस दुर्घटना की पुष्टि की है। श्री शर्मा ने बताया बुरानाबाद नवोदय स्कूल के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. के बी गुप्ता को भारत कॉमर्स स्कूल में प्राचार्य नियुक्त किया गया है। स्कूल में जब हादसा हुआ, तब छत से प्लास्टर प्राचार्य की कुर्सी के पास गिरी। उस समय वे वहां नहीं थे। उन्होंने बताया डॉ. के बी गुप्ता राउंड पर थे। बड़ा हादसा टल गया। एक सवाल के जवाब में श्री शर्मा ने बताया डॉ. गुप्ता को यहां पर एक वैकेंसी आधार पर इंटरव्यू के बाद पदस्थ किया गया है।

# गोल्ड लोन घोटाले में शाखा प्रबंधक गिरफ्तार, पुलिस ने रिमांड पर लिया



**छतरपुर, देशबन्धु।** मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड की गोल्ड लोन शाखा में धोखाधड़ी कांड के आरोपी तत्कालीन शाखा प्रबंधक कमल यादव को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के महोबा जिले की सीमा से गिरफ्तार कर लिया है। जिले के थाना जुझारनगर के ग्राम दिदवारा निवासी आरोपी कमल यादव पुत्र कल्याण यादव पर एसपी अगम जैन द्वारा 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। सिटी कोतवाली पुलिस ने उसे पकडकर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया है, ताकि मामले में आगे की जांच की जा सके। पुलिस इससे पहले शाखा के तत्कालीन सहायक प्रबंधक कपिल तिवारी निवासी नायक कालोनी नौगांव को गिरफ्तार कर चुकी है। यहां बता दें कि गोल्ड लोन घोटाले का यह बडा मामला मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के एरिया हेड द्वारा सिटी कोतवाली में शिकायत करने पर उजागर हुआ था। जिसमें पता चला था कि कंपनी की छतरपुर शाखा में ऑडिट के दौरान सोने के आभूषणों के कुछ पैकेट गायब पाए गए, वहीं कुछ पैकेट में नकली सोने की सामग्री मिली थी। ये धोखाधड़ी सामने आने पर सिटी कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ संपत्ति के दुरुपयोग और धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### अम्बेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी से बसपा नाराज



**छतरपुर, देशबन्धु।** हाल ही में ग्वालियर के एक व्यक्ति द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर पर सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के विरोध में बहुजन समाज पार्टी ने रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। बसपा के प्रदेश प्रभारी ने बताया कि ग्वालियर निवासी अनिल मिश्रा द्वारा सोशल मीडिया पर डॉ. अंबेडकर के विरुद्ध अमर्यादित, भड़काऊ वक्तव्य दिया है, जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि अनिल मिश्रा जैसे लोग देश में सांप्रदायिकता भड़काकर देश को तोडना चाहते हैं। अनिल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# अचानक सौ से 12 सौ हुई बिलों की राशि, ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले कुछ समय से लोग बढ़े हुए बिजली बिलों से परेशान हैं। सोमवार को छतरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम खौंप-निवारी के ग्रामीणों ने छतरपुर विद्युत कार्यालय में आवेदन देकर बढे हुए बिलों के की मांग की है।



निवारी के भगवतशरण रावत ने बताया दो माह पहले तक उनका बिल 150 से 200 रुपए के बीच आता था, लेकिन पिछले माह अचानक बिल की राशि 500 हो गई। इस माह उन्हें 1250 रुपए का बिल मिला है, जबकि पिछले माह की खपत और इस माह की खपत एक समान 165 यूनिट है। उन्होंने कहा विद्युत कंपनी1 मनमाने तरीके से ग्रामीणों को बिल थमा रही है, जो उचित नहीं है। ओमप्रकाश पांडे ने बताया गांव में लोगों के बिल अब तक 100 से 500 रुपए आते थे लेकिन पिछले दो माह से यही बिल 500 से 4000 तक आने लगे हैं। उन्होंने कहा गांव में ज्यादातर किसान और मजदूर वर्ग के लोग रहते हैं, जिनके लिए इतने अधिक बिल का भुगतान करना कठिन है।

कई ग्रामीणों ने अघोषित कटौती करने की शिकायत की है। का समाधान न किए जाने और विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा फोन पर ठीक से बात न किए जाने की शिकायत भी की। ग्रामीणों ने छतरपुर कार्यालय में पदस्थ कार्यपालन यंत्री को आवेदन देकर समस्या का निदान करने की मांग की है। कार्यपालन यंत्री, विद्युत अमर श्रीवास्तव का कहना ग्राम खौंप-ल व निवारी के ग्रामीणों ने आवेदन दिया है, जिसकी जांच की जाएगीा। बिलों में जो भी विसंगतियां होंगी, उन्हें दूर कराया जाएगा।

# कार्रवाई की मांग : गर्भवती को ससुराल से भगाया, संपत्ति भी छीनी

**छतरपुर, देशबन्धु।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नगरौली की एक गर्भवती विधवा के साथ उसके ससुराल वालों द्वारा अन्याय किया जा रहा है। पीड़ित महिला ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर न्याय और उसका हक दिलाने की मांग की है।



संगीता पत्नि स्व. दिग्विजय पटेल ने बताया 26 जुलाई 2025 को उसके पति की करंट लगने से मौत हो गई थी।

उसके दो बच्चे हैं जिनकी उम्र क्रमश: 2 एवं 4 वर्ष है। इसके अलावा वह तीन माह की गर्भवती भी है। संगीता ने बताया उसका पति छतरपुर की एक कंपनी में काम करता था, जिसके द्वारा पति की मौत के बाद सहायता के तौर पर उसे 1 लाख 40 हजार रुपए दिए गए थे। संगीता का आरोप है कि 18 सितंबर को उसके ससुर कल्लू पटेल और सास मीरा पटेल ने नंदाई शोभालाल, मामा चतुरेश और मौसा रामशरण के बहकावे में आकर उसे तथा उसके दोनों बच्चों को घर से निकाल दिया। साथ ही उसके 1 लाख 40 हजार रुपए और सारे जेवरात भी छीन लिए हैं। संगीता ने बताया इसकी शिकायत उसने लवकुशनगर थाना में की थी, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर उसे मायके नरेनी जिला बांदा उत्तरप्रदेश भेज दिया था। 20 दिन बीतने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### दबंग ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर नहर का पानी रोका

**छतरपुर, देशबन्धु।** ग्राम बगौता के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि गांव के एक दबंग ने शासकीय भूमि पर कब्जा करके तालाब से निकली नहर के पानी को रोका दिया है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। पुष्पराज सिंह चंदेल ने बताया कि गांव कब दबंग प्रमोद धाकड़ ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर मकान बना लिया है।

घर के पास से निकली तालाब की नहर के पानी को रोक दिया है। प्रमोद इसी शासकीय भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग भी कर रहा है। कुछ दिनों पहले जब पंचायत द्वारा खेत-तालाब का निर्माण कराया जा रहा था तब प्रमोद ने आपत्ति लगाई थी। जो भी प्रमोद का विरोध करता है, तो उसके द्वारा हरिजन एक्ट का झूठा मामला दर्ज कराने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराने, अवैध प्लॉटिंग पर रोक लगाने और प्रमोद पर कार्रवाई की मांग की है।

### डीआईजी ने किया में सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ



**छतरपुर, देशबन्धु।** पं बाबूलाल चतुर्वेदी स्टेडियम में सोमवार को वार्षिक सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ डीआईजी विजय खत्री द्वारा किया गया। पहला खेल कबड्डी मैच उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 व उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 2 के बीच खेला गया।

इसमें कबड्डी, खो-खो, दौड़, ऊंची और लंबी कूद, रस्साकसी जैसे कई खेल खेले जाएंगे। साथ ही जिले की विभिन्न पंचायत और स्कूलों के विद्यार्थी टीम के रूप में इन खेलों में हिस्सा लेंगे। बता दें कि सांसद व केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार की योजना फिट युवा फॉर विकसित भारत योजना के अंतर्गत यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

# विधायक ने छतरपुर में बाईपास बनाने केंद्रीय मंत्री गडकरी को सौंपा पत्र



छतरपुर, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष छतरपुर विधायक ललिता यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से को छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में पश्चिमी बाईपास मार्ग निर्माण के लिए पत्र सौंपा है। श्री गडकरी ने बाईपास के लिए निरीक्षण कराके शीघ्र ही निर्णय लेने का भरोसा दिया है। विधायक श्रीमती यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को बताया कि वर्तमान में एनएचएआई ने एनएच-34 सागर-कबरई मार्ग के लिए छतरपुर के पूर्वी हिस्से से 17.5 किमी लंबाई का बाईपास प्रस्तावित किया है। इसमें सागर से झांसी जाने वाले यातायात को 17.5 किमी अतिरिक्त यात्रा करनी होगी। इसके लिए छतरपुर के पश्चिम की ओर से लगभग 11 किमी दूर एक ओर बाईपास प्रस्तावित किया जा सकता है। इससे सागर से झांसी जाने वालों को लाभ होगा और दूरी 11 किमी कम हो जायेगी और बाईपास से यात्रा समय 15 मिनट कम हो जाएगा। उन्होंने बताया यह बाईपास मार्ग छतरपुर और नौगांव क्षेत्र के लिए यह वरदान साबित होगा। इससे पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि होगी, साथ ही मेडिकल कॉलेज व अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं की कनेक्टिवटी के लिए यह फायदेमंद भी होगा।

एमसीबीयू में उत्साह से मनाया सद्गुरु देवचंद्र का प्रगटन महोत्सव

# सद्गुरु देवचंद्र ने महामति प्राणनाथ को दिया था आध्यात्मिक ज्ञान : तिवारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय और अमीधारा ट्रस्ट सांबरकाठा गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में स्थापित रेणुका मनुभाई पटेल महामति श्री प्राणनाथ अंतरराष्ट्रीय अध्ययन एवं शोधकेंद्र के द्वारा सदगुरु देवचंद महाराज का प्रगटन महोत्सव मनाया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुएविश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी ने कहा सदगुरु देव चंद्र ने महामति प्राणनाथ को आध्यात्मिक ज्ञान दिया था। भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान ईश्वर से भी बढ़कर है। बिना गुरु के कोई व्यक्ति ईश्वर की प्राप्ति नहीं कर सकता। सद्गुरु देवचंद ने अपनी निजानंद पद्धति से अनगिनत लोगों को सत्य और मुक्ति का मार्ग बताया है। यह मार्ग सांसारिक दुखों से निवृत्ति देकर अखंड सुखों की ओर ले जाता है।

विश्वविद्यालय के डा सुमति प्रकाश जैन ने बताया इसके पूर्व रेणुकाबेन मनु भाई पटेल श्री महामति प्राणनाथ अध्ययन एवं शोध केंद्र के प्रभारी प्रो जय प्रकाश शाक्य ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा सद्गुरु देवचंद महाराज आध्यात्मिक परंपरा का समर्थन करने वाले महामानव थे। सतगुरु ने निजानंद संप्रदाय की स्थापना की है। मुख्य वक्ता मनु भाई पटेल ने कहा आनंद की प्राप्ति आध्यात्मिकता के द्वारा ही संभव है। सच्चिदानंद की पहचान ज्ञान के बिना नहीं हो सकती। गुरु और शिष्य की परंपरा को सद्गुरु देवचंद्र ने आगे बढाते हुए महामति प्राणनाथ को अपना शिष्य बनाया। महामति प्राणनाथ ने यही आध्यात्मिक ज्ञान महाराजा छत्रसाल को देकर संपूर्ण मानव जाति के लिए मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

#### हृदय में ज्ञान समाहित होने से भक्ति का उदय होता है

सारस्वत अतिथि जयपुर की डॉ मनीषा दुबे ने कहा सद्गुरु देवचंद सत्य की खोज के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। वे मानते थे कि जब ज्ञान हृदय में समाहित हो जाता है तब भक्ति का उदय होता है। ज्ञान, प्रेम और भक्ति का समन्वय निजानंद संप्रदाय में देखा जा सकता है। बड़ोदरा के अमृत राज ने कहा हम सबकी आत्मा एक है। जाति शरीर की हो सकती है मगर आत्मा की कोई जाति नहीं होती है। सद्गुरु ने समस्त मानवों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया है। गुजरात के सुशांत महात्मा ने कहा कि ब्रह्म ज्ञान के बिना सत्य की अनुभूति नहीं हो सकती है। इसी सत्य को बताने का कार्य सद्गुरु देवचंद्र ने आजीवन किया। कुल सचिव यशवंत सिंह पटेल ने कहा कि सद्गुरु देवचंद का अध्यात्मिक संदेश मानवता के लिए हितकारी है। वे सर्वधर्म समभाव के प्रणेता थे। इस अवसर पर डॉ बीडी नामदेव, संतोष प्रजापति, लिंकन अग्रवाल रायगढ़, पूजा शर्मा पन्ना, इंदु सेतिया जयपुर, कमलेश प्रणामी सहित शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सागर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मुख्य न्यायाधीश पर हमला, संयोग या प्रयोग

सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के भीतर एक ऐसी घटना हुई, जिसकी कल्पना भी कभी नहीं की गई होगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर एक वकील ने जूता उछालने की कोशिश की। यह घटना उस वक्त हुई जब जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों के मामलों की सुनवाई के लिए मेंशन सुन रही थी। बताया जा रहा है कि आरोपी वकील राकेश किशोर जज के डाइस के करीब पहुंचा और जूता उतारकर फेंकने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया। सुरक्षाकर्मी जब आरोपी वकील को पकड़कर बाहर ले जा रहे थे, तब वह 'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे' का नारा लगा रहा था। उसके नारे से सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि वह कट्टर दक्षिणपंथी मानसिकता का है, जिसके लिए संविधान मायने नहीं रखता, बल्कि धर्मांधता को वह तरजीह देता है। अब इस मामले की पूरी जांच होगी, तब पता चलेगा कि मुख्य न्यायाधीश गवई पर जूता उछालने का दुस्साहस आखिर उसने क्यों किया। हो सकता है 16 सितंबर को खजुराहो मामले में दिए फैसले से आरोपी नाराज हो, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को दोबारा स्थापित करने की याचिका को खारिज कर दिया था। तब भी कुछ वकीलों ने इस फैसले पर नाराजगी जताई थी या फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में जस्टिस गवई की मां ने जाने से इंकार कर दिया, इस बात से आरोपी नाराज हो। कारण जो भी यह घटना आजाद भारत के इतिहास में एक बड़ा कलंक बन गई है और इसका जिम्मेदार सीधे-सीधे नरेन्द्र मोदी की सरकार को कहा जा सकता है।

भाजपा पहले भी केंद्र की सत्ता में रही है, और हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाने का काम उसने पहले भी किया है। बाबरी मस्जिद को तोड़ना, गुजरात दंगे इसके उदाहरण हैं। लेकिन समाज में नफरत के इजहार को लेकर एक झिझक और संकोच था। सहिष्णुता का एक महीन सा आवरण समाज पर डला हुआ था, जो अब पूरी तरह तार-तार हो चुका है। नफरत करना और उतनी ही बेशर्मी से उसका इजहार करना अब गर्व की बात हो चुकी है। संघ से प्रेरित लोग काफी अरसे से नारा देते आए हैं कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। पहले इस नारे को लगाने में लोग हिचकते थे। मगर अब मोदी सरकार में पूरा माहौल बदल चुका है। राहुल गांधी ने नफरत का कैरोसिन पूरे देश में छिड़के जाने का जो दावा किया था, वह सही दिखाई दे रहा है।

देश में जातिवादी और धार्मिक आधार पर हिंसा अब भयावह रूप में सामने आ रही है। जस्टिस गवई पर हमला केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, न ही यह क्षणिक भावावेश में की गई हरकत है। बल्कि यह कई बरसों से समाज में भरी जा रही नफरत का निचोड़ है। याद रहे कि जस्टिस गवई दलित समुदाय से आने वाले दूसरे मुख्य न्यायाधीश बने हैं, लेकिन बौद्ध धर्म को मानने वाले वे पहले मुख्य न्यायाधीश हैं। हालांकि संविधान के हिसाब से न्याय की आसंदी पर बैठे व्यक्ति की धार्मिक आस्था मायने नहीं रखती है। लेकिन जब पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ राम मंदिर के लिए दिए फैसले से पहले देवी के सामने बैठने की बात कहते हैं, अपने घर में गणपति पूजा के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बुलाकर उसका सार्वजनिक इजहार करते हैं, तब समाज भी इस तथ्य को मानने लगता है कि न्यायपालिका में धार्मिक आस्था के लिए जगह बन चुकी है। अगर जस्टिस गवई की जगह कोई सवर्ण हिंदू इस समय मुख्य न्यायाधीश के पद पर होता, तब शायद इस तरह जूता उछालने का दुस्साहस नहीं किया जाता। लेकिन वे दलित हैं, क्या इसलिए उन पर हमले की कोशिश की गई, यह सवाल गंभीरता से विचार की मांग करता है।

इस घटना पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि दलित और अल्पसंख्यक होना इस देश में गुनाह बना दिया गया है, उनकी इस टिप्पणी को खारिज नहीं किया जा सकता। क्योंकि दलितों और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ ही रहे हैं। अभी एनसीआरबी के ताजा आंकड़े भी यही बता रहे हैं कि इन आंकड़ों में कोई कमी नहीं आई है। अभी उत्तरप्रदेश में ही मानसिक तौर पर विक्षिप्त एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। बरेली में आई लव मुहम्मद कहने पर ऐसा बवाल चल रहा है कि जुमे की नमाज के बाद लोगों से सीधे घर जाने की अपील की गई। ओडिशा में देवी विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई। ये सारी घटनाएं भले छिटपुट दिखें और इनमें व्यापक तौर पर जान-माल का नुकसान न हो, लेकिन समाज को जो दीर्घकालिक नुकसान हो चुका है, अब उसकी भरपाई होनी चाहिए। इस तरह के नुकसान का सिलसिला अगर बढ़ता रहे तो फिर वाकई वैसा ही हिंदुस्तान बन जाएगा, जिसकी कोशिश में पिछले सौ सालों से संघ लगा हुआ है। मोहन भागवत हिंदू समाज की एकजुटता की बात कहें या मुसलमानों को साथ लेकर चलने की बात कहें, असल में संघ एक सवर्ण मानसिकता में पगा हुआ मनुवादी भारत बनाने की कोशिश में है। जिसमें अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़ी जाति के लोग, महिलाएं सब सवर्ण पुरुषों के रहमोकरम पर रहें। अगर उन्होंने अच्छा व्यवहार किया तो इसे सौभाग्य समझें और अगर उत्पीड़न सहना पड़े तो पिछले जन्म के कर्मों का फल, इस तरह का देश बनाने की कोशिश में संघ लगा है। अब समाज को सोचना होगा कि उसे संविधान वाला देश चाहिए या फिर ऐसा देश जहां मुख्य न्यायाधीश की गरिमा भी दांव पर लगा दी गई है।

# संघ के सौ बरस का इकलौता हासिल

दो दिनों में फैले आरएसएस के शताब्दी वर्ष के केंद्रीय आयोजनों ने जितने बलपूर्वक उसके बुनियादी तौर पर एक राजनीतिक संगठन और वर्तमान सत्ता की राजनीति करने वाला संगठन होने की सचाई को उजागर किया है, उतने बलपूर्वक दूसरे किसी घटनाक्रम ने नहीं किया होगा। पहले दिन, 1 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी ने, आरएसएस के वफादार स्वयंसेवक और धर्मनिरपेक्ष, जनतांत्रिक गणराज्य के प्रधानमंत्री के बीच का अंतर पूरी तरह से मिटाते हुए, आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर विशेष डाक टिकट तथा सौ रु. का विशेष सिक्का जारी करने के जरिए और इस मौके पर अपने विस्तृत संबोधन से यह काम किया। और दूसरे दिन, 2 अक्टूबर को आरएसएस के सरसंघचालक, मोहन भागवत ने अपने सालाना दशहरा संबोधन में, इस समय की अपनी सबसे बड़ी चिंता को स्वर देते हुए, वही काम किया। कहने की जरूरत नहीं है कि आरएसएस के प्रचार की असली धुरी, उसका यह बड़ा झूठ रहा है कि वह तो राजनीति से निरपेक्ष रहकर, राष्ट्र की सेवा करने वाला संगठन है!

पहले दिन, प्रधानमंत्री ने आरएसएस के लिए एक विस्तृत प्रशस्तिपत्र पढ़ने के साथ, उसके 100 वर्ष होने के उत्सव के रूप में 100 रु. का विशेष सिक्का जारी किया। बेशक, यह पहली बार नहीं था जबकि इस तरह विशेष सिक्का जारी किया जा रहा था। दुर्लभ ही सही, ऐसे मौके पहले भी आए हैं, जिनके सेलिबरेशन के तौर पर विशेष सिक्के जारी किए गए हैं। फिर भी, इस सिक्के के जारी किए जाने में कुछ ऐसा था, जो पहली बार किया जा रहा था। और यह कितने सुचिंतित तरीके से किया जा रहा था, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में, इसके पहले स्वतंत्र भारत में पहली ही बार किये जाने को अलग से रेखांकित करना जरूरी समझा। और जो पहली बार किया जा रहा था, वह था सरकार द्वारा जारी इस सिक्के पर, जहां एक तरफ राष्ट्र चिन्ह, अशोक स्तंभ उकेरा गया है, वहीं दूसरी ओर, एक समानांतर राष्ट्र चिन्ह के रूप में, तथाकथित ''भारत माता'' का चित्र उकेरा गया है।

पुन: यह कथित भारत माता, हाथ में भारत के राष्ट्रध्वज के बजाए, आम तौर पर हिंदू धार्मिक परंपराओं और मंदिरों से जुड़ा हुआ, बीच में कटाववाला मुखर रूप से हिंदू-ध्वज लिए हुए है। और चित्र में आरएसएस की पहचान कराने वाली वेशभूषा में तीन स्वयंसेवक, इस हिंदू ध्वजाधारी भारत माता को आरएसएस का खास हस्त प्रणाम कर रहे हैं, जो वास्तव में विदेशी नाजी परंपराओं से आया है। यह पूरा का पूरा चित्र, स्पष्ट रूप से दिखाता है कि जिस आरएसएस के 100 साल होने का उत्सव, एक सरकारी आयोजन के जरिए भारत के प्रधानमंत्री मना रहे थे, वास्तविक भारतीय राष्ट्रीय चिन्हों को नकार कर, उनकी जगह वैकल्पिक बहुसंख्यक-धार्मिक परंपरा के और वास्तव में बहिष्करणवादी चिन्हों को, राष्ट्रीय चिन्हों के रूप में स्थापित करने का एक सचेत प्रोजैक्ट है। यह दूसरी बात है कि इस सचाई को पेश करते हुए भी, इस पर राष्ट्रवाद का पर्दा डालने की कोशिश भी की जाती है और संस्कृत में कथित रूप से आरएसएस का आप्त वाक्य भी इस चित्र के साथ डाल दिया जाता है—सब राष्ट्र का, मेरा कुछ नहीं।

यहां यह याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि भारत माता की आरएसएस की उक्त संकल्पना, जिसे अब एक ही झटके में स्वयंसेवक प्रधानमंत्री द्वारा देश की सरकारी मुद्रा पर बैठा दिया गया है, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐतिहासिक रूप से उभर कर आयी, भारत माता की ही संकल्पना से न सिर्फ सचेत रूप से भिन्न है बल्कि उसके समानांतर गढ़ी गयी है। यह एक जाना-माना तथ्य है कि भारत माता की संकल्पना पहले-पहल, अवनींद्रनाथ टैगोर ने एक चित्र रूप में पेश की थी। लेकिन, अवनींद्र नाथ की कल्पना की भारत माता वास्तव में 'भारत माता ग्राम वासिनी' थी—अपने रूप, भाव और सज्जा में, देवियों की तमाम हिंदू संकल्पनाओं से बहुत भिन्न।



राजेंद्र शर्मा

> यहां यह याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि भारत माता की आरएसएस की उक्त संकल्पना, जिसे अब एक ही झटके में स्वयंसेवक प्रधानमंत्री द्वारा देश की सरकारी मुद्रा पर बैठा दिया गया है, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐतिहासिक रूप से उभर कर आयी, भारत माता की ही संकल्पना से न सिर्फ सचेत रूप से भिन्न है बल्कि उसके समानांतर गढ़ी गयी है। यह एक जाना-माना तथ्य है कि भारत माता की संकल्पना पहले-पहल, अवनींद्रनाथ टैगोर ने एक चित्र रूप में पेश की थी।

इस भारत माता का वेष एक साध्वी का है, जिसके पीछे बंकिम चंद्र चैटर्जी की रचना, आनंद मठ की प्रेरणा मानी जाती है। चार हाथ वाली इस भारत माता के एक हाथ में, भारत की कृषि प्रधानता को रेखांकित करते हुए, धान का एक छोटा सा गट्ठर भी दिया गया था। शेष तीन हाथों में एक में अगर रुद्राक्ष माला है, तो एक हाथ में पोथी है और तीसरे हाथ में कपड़े का टुकड़ा है। वास्तव में यह भारत माता भी मूल रूप में 'बंग माता' थी, जिसे जन स्वीकृति ने 'भारत माता' के आसन तक पहुंचाया था। इसके बरक्स आरएसएस लंबे अर्से से, एक शेर की सवारी करने वाली देवी की, लोक जीवन से बहुत दूर की कल्पना को, 'भारत माता' की संकल्पना के रूप में स्थापित करने में लगा हुआ था। और अब स्वयंसेवक के प्रधानमंत्री होने के बल पर, कम से कम समारोही सरकारी सिक्के में तो, इसे स्थापित करने में कामयाब भी हो गया है।

और उसी वृहत्तर प्रोजैक्ट के हिस्से के तौर पर, राजसत्ता तक पहुंच हासिल होने के 100 साल के इसी हासिल के बल पर, इसी मौके पर जारी किए गए डाक टिकट के जरिए, स्वतंत्र भारत की जानी-मानी वास्तविकता से अलग, एक समानांतर इतिहास रचने का प्रयास भी किया गया है। डाक टिकट पर प्रकाशित चित्र में 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में, अपनी पहचान कराने वाली पोशाक में ही, आरएसएस के स्वयंसेवकों को परेड करते दिखाया गया है। यह चुनाव भी कितने सचेत रूप से किया गया, इसका अंदाजा भी इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में, इस चित्र की कथा की ओर विशेष रूप से ध्यान खींचा है, ताकि इस चित्र को आधिकारिक राष्ट्रीय जीवन में आरएसएस की स्वीकार्यता का अकाट्य साक्ष्य बनाया जा सके।

यह इसके बावजूद है कि इसी सिलसिले में आरएसएस द्वारा समय-समय पर किए जाते रहे दावों को चुनौती देते हुए, ये तथ्य प्रमाणों के साथ सामने आ चुके हैं कि भारत-चीन सीमा झड़प के समय आरएसएस की किसी भूमिका को देखते हुए, जवाहरहाल नेहरू द्वारा आरएसएस को 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किये जाने का दावा, कोरी गप्प है। इसके बरक्स, सचाई यह है कि 1963 की गणतंत्र दिवस परेड, एक सैनिक परेड के बजाए मूलत: एक जन परेड के रूप में आयोजित की गयी थी, जिसमें आम जनता को भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया था और एक लाख से ज्यादा लोग शामिल भी हुए थे। अलबत्ता इस मौके का बेनिफिट लेते हुए, आरएसएस ने संगठित तरीके से अपने कार्यकर्ताओं को अपनी खास पोशाक में इसमें हिस्सा लेने के लिए कहा था, जबकि सरकार ने भी जनता को आम नियंत्रण देने के बाद, किसी को भी रोकने की जरूरत नहीं समझी। जाहिर कि संघ की राष्ट्रीय स्वीकार्यता का यह झूठ भी, अब केंद्र में सत्ता पर नियंत्रण के जरिए, सरकारी डाक टिकट के जरिए, देश से मनवाने की कोशिश की जा रही है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री के संबोधन में आरएसएस का विरुद गायन करने के लिए, जिस तरह लगातार और बार-बार शुद्ध झूठ का सहारा लिया गया है, उसके ब्यौरे में जाना इस टिप्पणी में हमारे लिए संभव नहीं है। यहां इतना कहना ही काफी होगा कि उनके संघ के संबंध में झूठे दावों की सूची बनाने बैठें तो पूरा लेख उसी में खत्म हो जाएगा। यहां हम सिर्फ इतना ध्यान दिलाना चाहेंगे कि 15 अगस्त के लाल किले के अपने संबोधन ने प्रधानमंत्री ने, आरएसएस का सरासर झूठा महिमा मंडन करने के लिए, इतिहास को साफ तौर पर तोड़ने-मरोड़ने की जो शुरूआत की थी, उसे अब उन्होंने उत्कर्ष पर पहुंचा दिया है। यह तोड़-मरोड़ 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में आरएसएस की मौजूदगी की दुर्व्याख्या तक ही सीमित नहीं रहती है। उसमें स्वतंत्रता आंदोलन में आरएसएस की 'भूमिका' के झूठे अतिरंजित दावों से लेकर, आरएसएस के 'सामाजिक समरसता' के पाखंड को उधार की विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए, गांधी से लेकर डा. आंबेडकर तक के मुंह से आरएसएस की प्रशंसा कराने तक के झूठ शामिल हैं।

और इसमें स्वतंत्र भारत में पचहत्तर साल में आरएसएस की भूमिका को लेकर झूठ भी, जिसमें महात्मा गांधी की हत्या से लेकर, बाबरी मस्जिद के ध्वंस तक, अक्षम्य करतूतों के सिलसिले में आरएसएस पर स्वतंत्र भारत में लगायी गयी पाबंदियों को उस पर 'राजनीतिक अत्याचार' बताने का महाझूठ भी। और यह सिलसिला, आरएसएस के नंबर बढ़ाने के लिए, इतने हाल के इतिहास को नंगई से झुठलाने की हद तक जाता है कि 'आज भी पंजाब में बाढ़, हिमाचल तथा उत्तराखंड में तबाही तथा केरल में वायनाड में त्रासदी जैसी आपदाओं में स्वयंसेवक सबसे पहले मदद के लिए पहुंचने वालों में थे।' लेकिन, मीडिया की खबरों के मुताबिक भी सचाई यह है कि एकदम हाल की इन आपदाओं में से किसी में भी, आरएसएस कहीं दिखाई तक नहीं दिया है। झूठे प्रचार के बल पर, झूठ को सच और सच को झूठ बनाने में संघ और उसके स्वयंसेवकों के हिटलरी भरोसे का कोई ओर-छोर ही नहीं है।


और दूसरे दिन, आरएसएस सरसंघचालक भागवत, न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर समेत, हर क्षेत्र में मोदी सरकार को कामयाबी के सार्टिफिकेट देकर और युवाओं तक के मामले में उसकी कारगुजारियों पर संतोष जताकर, मोदी शासन से अपनी अभिन्नता का तथा अपनी राजनीतिक वचनबद्धता का प्रमाण देते हैं, वह श्रीलंका, बांग्लादेश तथा नेपाल के हाल के घटनाविकास से वह बहुत ही चिंतित भी नजर आते हैं। ''श्रीलंका में, बांग्लादेश में और हाल ही में नेपाल में जिस प्रकार जन-आक्रोश का हिंसक उद्रेक होकर सत्ता का परिवर्तन हुआ है, वह हमारे लिए चिंताजनक है।'' अपने स्तर पर भागवत इशारों में वर्तमान शासन को आगाह भी करते नजर आते हैं कि, ''शासन प्रशासन का समाज से टूटा हुआ संबंध, चुस्त तथा लोकाभिमुख प्रशासकीय क्रिया कलापों का अभाव, यह असंतोष के स्वाभाविक तथा तत्कालिक कारण होते हैं।'' फिर भी षडयंत्र का डर दिखाने का आसान रास्ता लेते हैं: ''अपने देश में तथा दुनिया में भी, भारतवर्ष में इस तरह के उपद्रवों को चाहने वाली शक्तियां सक्रिय हैं।'' और इसके बाद फौरन, इस तरह के संभावित खतरों का मुकाबला करने के लिए अपनी वैचारिक तलवार लेकर कूद पड़ते हैं: ''हिंसक उद्रेक में वांछित परिवर्तन लाने की शक्ति नहीं होती। प्रजातांत्रिक मार्गों से ही समाज ऐसे अमूलाग्र परिवर्तन ला सकता है।'' साफ है कि आरएसएस, जिसकी हमेशा से राजसत्ता पर ही नजर लगी हुई थी, सौ साल के हासिल के रूप में राजसत्ता तक अपनी पहुंच से जहां गद्‌गद्‌ है, वहीं इस हासिल के हाथ से फिसल जाने के खतरे से डरा भी हुआ है। झूठ पर खड़े उसके साम्राज्य के पांव जो नहीं हैं।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# उत्तर भारत में सांप्रदायिक द्वेष भड़काने के लिए गढ़े जा रहे हैं नए बहाने

सांप्रदायिक हिंसा भारतीय राजनीति का अभिशाप रही है। यह एक सदी से भी ज़्यादा पुरानी है। इस घटना के ज़्यादातर विद्वानों के अनुसार, यह हिंसा आमतौर पर सुनियोजित होती है। इस हिंसा के बाद सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का उदय होता है। विद्वानों का यह भी मानना है कि 'दंगे जातीय ध्रुवीकरण पैदा करते हैं जिससे कांग्रेस की कीमत पर जातीय-धार्मिक दलों को फ़ायदा होता है'। उनका मानना है कि जहां हिंदू-मुस्लिम दंगे कांग्रेस के लिए चुनावी तौर पर महंगे होते हैं, वहीं ये दंगे वास्तव में 'कांग्रेस जैसी बहुजातीय पार्टियों की कीमत पर जातीय-धार्मिक दलों' को मज़बूत करते हैं। इस अवलोकन के अनुसार, हिंसा भड़काने और उसका चुनावी फ़ायदा उठाने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा बहाने गढ़े जा रहे हैं।

इस लंबी सूची में नए बहाने जुड़ते जा रहे हैं, जैसे मस्जिद के सामने तेज़ संगीत बजाना, मंदिरों में गोमांस फेंकना और अफ़वाहें फैलाना, जो नफ़रत फैलाने की मुख्य प्रवृत्ति रही है। इसके अलावा, मुस्लिम राजाओं का दानवीकरण, उनके द्वारा मंदिरों का विध्वंस, तलवार के बल पर इस्लाम का प्रसार, उनके बड़े परिवारों के कारण इस देश में हिंदुओं के अल्पसंख्यक होने का ख़तरा, ये सब नफ़रत फैलाने के तरीक़ों में जुड़ गए हैं। पिछले कुछ दशकों में गाय, गोमांस भक्षण, लव जिहाद, और कई अन्य जिहाद भी जुड़े हैं, जिनमें सबसे प्रमुख हैं कोरोना जिहाद, ज़मीन जिहाद और सबसे नया 'पेपर लीक जिहाद'।



राम पुनियानी

> यह 'आई लव मोहम्मद' वाला पुराना प्रकरण मुसलमानों को डराने-धमकाने और हाशिए पर धकेलने की स्थिति को और बदतर बना रहा है। अपने पैगम्बर के प्रति इस तरह के स्नेह का प्रदर्शन लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के दायरे में आता है। जैसा कि पाकिस्तान में कुछ तालिबानी तत्व दावा करते हैं कि भारत के साथ हर टकराव गज़्वा है..., यहां हमारे प्रधानमंत्री मामले को उसी दिशा में ले जा रहे हैं।

यह सब याद आता है, क्योंकि इस समय देश में 'आई लव मोहम्मद' जैसे एक मामूली नारे के इर्द-गिर्द हिंसा का माहौल है। इसकी शुरुआत कानपुर से हुई, जब मिलादुन्नबी के मौके पर पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के जश्न में निकले जुलूस में कुछ लोगों के 'आई लव मोहम्मद' के बैनर पर इस आधार पर आपत्ति जताई कि इससे इस धार्मिक त्योहार में एक नई परंपरा जुड़ रही है। पुलिस के एक हिस्से ने इस तर्क को स्वीकार कर लिया और ऐसे पोस्टर लगाने वालों के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज की। यह उन मानदंडों का पूर्णत: उल्लंघन है जिनके अनुसार इस पैगम्बर के प्रति सम्मान व्यक्त करने वाला एक शांतिपूर्ण जुलूस किसी भी मानदंड का उल्लंघन नहीं है। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हिंसा फैल गई।

कानपुर की घटना पहली घटना थी और उत्तर प्रदेश के बरेली, बाराबंकी और मऊ जिलों में, उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में और कई अन्य जगहों पर भी इसकी पुनरावृत्ति हुई।

इसके बाद पोस्टर फाड़े गए और हिंसा हुई और माहौल बिगड़ गया। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) के दस्तावेज़ों के अनुसार, 'आई लव मोहम्मद' से जुड़ी 21एफ़आईआर दर्ज की गईं, जिनमें 1324 लोग प्रभावित हुए और 38गिरफ़्तारियां हुईं। बरेली में कुछ दिनों के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया और एक स्थानीय मुस्लिम नेता मौलाना तौकीर रज़ा खान को एक हफ़्ते के लिए नज़रबंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुसलमानों को बेतरतीब ढंग से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कानपुर की घटना पर एक ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया था। इसमें वे ख़ुद शामिल नहीं हुए और हंगामा मचा दिया। इस गैरज़िम्मेदाराना हरकत के कारण कई मुसलमानों को गिरफ़्तार कर लिया गया।

इस पूरे घटनाक्रम ने मुसलमानों के ख़िलाफ़ अंतर्निहित नफ़रत को भी उजागर किया। जैसा कि अक्सर होता है, शीर्ष सांप्रदायिक नेता बेतुके बयान देते हैं जिससे सांप्रदायिक तत्व अपने नफ़रत भरे अभियान को तेज़ कर देते हैं और हिंसा को जन्म देते हैं। श्री मोदी बार-बार ऐसा करते रहे हैं, ज़्यादातर चुनावों के समय। इस बार उनके अभियान 'घुसपैठिए' शब्द को सामने ला रहे हैं। यह परिघटना बिहार और खासकर असम में मुसलमानों के लिए अभिशाप बन गया है। बिहार के बाद, जहां 47 लाख से ज़्यादा मतदाता मताधिकार से वंचित हैं, पूरे देश में लागू किए जाने वाले ख़तरनाक मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुरनरीक्षण (एसआईआर) के औचित्य में से एक यही है।

इस बार, उत्तर प्रदेश, जहां सबसे ज़्यादा घटनाएं हुई हैं, के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे बयान दिए जो राज्य के एक मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देते। उन्होंने कहा कि वे 'गज़्वा-ए-हिंद' का नारा लगाने का सपना देखने वालों को 'जहन्नुम के टिकट' देंगे। यह गज़्वा-ए-हिंद यहां कहां से आ गया? भारतीय मुसलमानों का एक वर्ग, गज़्वा नहीं, बल्कि 'आई लव मोहम्मद' का नारा लगाता रहा है... यह गज़्वा का नारा तालिबानी किस्म के लोगों द्वारा इस्तेमाल किया गया है और हिंदू दक्षिणपंथी पूरे मुस्लिम समुदाय पर इसके लिए आरोप लगा रहे हैं। इसलिए, कुरान में गज़्वा-ए-हिंद का कोई स्थान नहीं है। एक संदिग्ध हदीस में यह शब्द आता है, लेकिन यहां हिंद का मतलब बसरा है, भारत नहीं। पाकिस्तान में कई ऐसे कट्टरपंथी हैं जो दावा करते हैं कि हर युद्ध भारत के खिलाफ गज़्वा है...।

योगी ने आगे कहा कि 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर अराजकता फैलाने के लिए लगाये जा रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं से हिंदू विरोधी और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सावधान रहने को कहा... (इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई संस्करण, 29 सितंबर, पृष्ठ 6) यह भारत के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ द्वेष पैदा करने का सबसे बुरा उदाहरण है। यह नारा अराजकता कैसे पैदा कर सकता है? यह नारा राष्ट्र-विरोधी कैसे है, यह समझ से परे है। उनके बयान लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन करते हैं, जो हमें शांतिपूर्ण तरीके से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अधिकार देते हैं।

यह 'आई लव मोहम्मद' वाला पुराना प्रकरण मुसलमानों को डराने-धमकाने और हाशिए पर धकेलने की स्थिति को और बदतर बना रहा है। अपने पैगम्बर के प्रति इस तरह के स्नेह का प्रदर्शन लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के दायरे में आता है। जैसा कि पाकिस्तान में कुछ तालिबानी तत्व दावा करते हैं कि भारत के साथ हर टकराव गज़्वा है..., यहां हमारे प्रधानमंत्री मामले को उसी दिशा में ले जा रहे हैं। क्रिकेट में पाकिस्तान पर जीत के बाद, उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर का ही विस्तार था।

ऐसी स्थिति में मुस्लिम समुदाय क्या प्रतिक्रिया देता है? तेज़ संगीत बजाते डीजे वाले रामनवमी के जुलूस और कुछ उपद्रवियों द्वारा मस्जिदों पर जबरन भगवा झंडा फहराने के विपरीत, मुसलमानों द्वारा इस तरह के शांतिपूर्ण जुलूस निकालना बिल्कुल सामान्य है! हमारे कुछ हिंदू त्योहारों को हथियार बनाया जा रहा है! इरफ़ान इंजीनियर और नेहा दाभाड़े की किताब 'हिंदू त्योहारों का हथियारीकरण' में ज़मीनी स्तर पर की गई जांच से पता चलता है कि ख़ास तौर पर रामनवमी के जुलूस का इस्तेमाल मस्जिदों और मुस्लिम बहुल इलाकों के आसपास उपद्रव मचाने के लिए किया जा रहा है। इसके विपरीत मुस्लिम त्योहारों को बदनाम किया जा रहा है। 'आई लव मोहम्मद' वाला मिलादुन्नबी इसका दर्दनाक उदाहरण है।

मुस्लिम त्योहारों पर इस तरह की नफ़रत भरी प्रतिक्रियाएं, जैसा कि हाल ही में देखा गया है, दिलों के विभाजन, समुदाय के ध्रुवीकरण और भारतीय संविधान के अभिन्न अंग, हमारे भाईचारे के मूल्यों को कमज़ोर करने का काम करती हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए जा रहे बयान संवैधानिक नैतिकता के बिल्कुल विपरीत हैं। ऐसी परिस्थिति में मुस्लिम समुदाय को यथार्थवादी होना चाहिए और हिंदू सांप्रदायिक तत्वों को उन पर हमला करने या उन्हें और बदनाम करने का कोई बहाना नहीं देना चाहिए।

## आपके पत्र

### आज की शिक्षा प्रणाली में सुधार की अपेक्षा

मानव की सोई हुई शक्ति को जगाने वाली शिक्षा ही है। शिक्षण का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव में मानवता जागृत न हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त न हों, उस शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। वर्तमान में जो शिक्षा-पद्धति है, वह समीचीन नहीं है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकतापूर्वक प्रयास हो।

यह कटु सत्य है कि आज की शिक्षा प्रणाली सम्यक नहीं है। कहां हमारा ज्योतिर्मय अतीत एवं कहां अंधकारमय वर्तमान? यदि यही स्थिति रही तो भविष्य को धूमिल और अंधकारमय ही समझना चाहिए। जब हम अपने अतीत की ओर दृष्टिपात करते हैं तो मन गर्व से अभिभूत हो उठता है। बड़ों के प्रति विनय रखो, छोटों को स्नेह दो, किसी का दिल मत दु:खाओ, झूठ मत बोलो, हिंसा से बचो, अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए किसी का शोषण मत करो, जीवन की यात्रा अनुशासनबद्ध होकर करो, प्रामाणिकता को कभी भी खण्डित मत होने दो। 'मातृ देवो भव', 'पितृ देवो भव' और 'अतिथि देवो भव' के आदर्श को एक पल के लिए भी विस्मृत मत करो। कितनी उदात्त शिक्षा थी हमारे भारतवर्ष की। इस शिक्षा के आधार पर व्यक्तिव का निर्माण होता था और आज?

शिक्षा के क्षेत्र में व्यापारीकरण की ज्वाला फुट रही है। पेपरलीक जैसी घटनाएं बन रही है। इसमें अयोग्य छात्र सरकारी नौकरियों में प्रवेश कर जाते हैं जबकि होशियार छात्र की राहें कठिन हो जाती है। शिक्षकों की व्यभिचारी प्रवृत्ति समय समय पर अखबार की सुर्खियां बटोरती है। यह समाज का काला सच कड़वे घूंट के रूप में हम सबको पीना पड़ता है। स्कूल में भारी बैग का वजन ढोने वाले विद्यार्थी की दशा पर तरस आता है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल पेटपूर्ति अथवा रोजगार मात्र नहीं है। शिक्षा वही शिक्षा है जो सुधार की समग्र दिशाओं को प्रशस्त करती है। हमें वही शिक्षा आत्मसात करनी है जिसे स्व-पर हित सम्यक प्रकार से सम्पादित हो। पाश्चात्य शिक्षा का यह प्रभाव हुआ है कि न हम पूरे अंग्रेज बन पाये और न पूरे भारतीय ही रह पाये। हमारा चित्त बन गया यूरोपियन और देह रह गई भारतीय। शरीर भारतीय है, क्योंकि उसे हम गोरा नहीं बना पाये पर हां, हमारी वेशभूषा, खान-पान, रहन-सहन, बोल-चाल सब कुछ यूरोपियन हो चुका है। स्कूलों में अंग्रेजी को अनिवार्य करके हमारी हिंदी भाषा से मुंह मोड़ने वाले क्या जताना चाहते है?

उद्दण्डता, उच्छृंलखता, अनुशासनहीनता एवं तोड़-फोड़ किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। अनुशासनहीनता और सद्गुणों की उपेक्षा से जीवन अपवित्र होता है। विद्यार्थियों से परिवार, समाज और राष्ट्र को कई अपेक्षाएं हैं। आप मनोयोग के साथ अध्ययन कीजिए एवं अर्जित किये गये ज्ञान को जीवन के आचरण के रूप में लाइये। आचरण से ही जीवन उत्कृष्ट बनता है। आपको सदाचार का स्वागत करना है और सच्चे अर्थों में इनसान बनना है।

**-कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### राजनीति के नए रंग

*'भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत के साथ केन्द्र में तथा आम आदमी पार्टी को अभूतपूर्व बहुमत के साथ दिल्ली में मतदाताओं ने इस भावना के साथ विजय दिलवाई थी कि ये सरकारें लोकहित में बिना किसी अनुचित दबाव के काम कर सकेंगी, किन्तु यह विश्वास बहुत जल्दी बिखरते नज़र आ रहा है। पिछले सात-आठ दिन में राजनीतिक मंच पर जो दृश्य देखने मिले हैं वे बढ़ती हुई निराशा और मोहभंग की ओर ही संकेत करते हैं। लगभग दस माह पूर्व केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और उसके बाद भी जनता ने प्रदेश विधानसभाओं के चुनावों में भाजपा को शायद यही सोचकर समर्थन दिया था कि नरेन्द्र मोदी के हाथ जितने मजबूत होंगे उतनी ही गति से देश का विकास होगा, लेकिन अब लोग अपने ही फैसले पर शंका कर रहे हैं। ऐसी ही कुछ स्थिति दिल्ली के संदर्भ में आम आदमी पार्टी की भी बन गई है।'*

**( देशबन्धु में 12 मार्च 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/03/blog-post_11.html

## पावन प्रसंग

### दुर्जनों से शालीनता से निपटा जाए

जिस समाज-समुदाय के साथ हमारा संपर्क इच्छा या अनिच्छापूर्वक बनता रहता है, उसमें भले-बुरे सभी प्रकार के लोग होते हैं। वे सभी अपने-अपने ढंग से अपना-अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इसमें कुछ ग्रहण करने योग्य होते हैं, कुछ त्यागने के योग्य। सभी से पूर्णरूपेण बच सकना अथवा घनिष्ठ बन सकना संभव नहीं। बिना संपर्क के एकाकी बने रहना भी संभव नहीं। इसलिए जो अवांछनीय है, उससे बचने के लिए कोई-न-कोई ऐसा उपाय सोचना चाहिए, जिससे आत्मरक्षा बन पड़े।

सर्वथा संपर्क- विहीन जीवन मनुष्य के लिए संभव नहीं। इसलिए प्रतिकूलताओं से आत्म-रक्षा करने की व्यवस्था बनाने के अतिरिक्त और कोई चारा नहीं। रास्ते में बिखरे कांटों और कंकड़ों को बीनकर रास्ता साफ-सुथरा बना लेना कठिन है। ऐसी स्थिति में सरल उपाय यही है कि पैरों में जूते पहन लिए जांए तो कांटे कंकड़ों को दबाते-कुचलते हुए अपनी राह चलते रहा जा सकता है। सभी सड़कें साफ-सुथरी नहीं होतीं। उन्हें पार करने वाले अपने वाहन को इस प्रकार संभालते हैं कि रास्ते में आने वाली कठिनाइयों से निपटते हुए अपनी राह चल सकना संभव हो सके।

सज्जनों के साथ संपर्क बना रह सके, ऐसे अवसरों की तलाश करते रहने पर कभी-न-कभी वैसा सुयोग भी मिलता रहता है। ऐसे संपर्क थोड़े समय के मिलें, तो भी उसमें कुछ-न-कुछ ऐसा जाना जा सकता है, जो आगे चलकर काम आए।

सज्जनों का साथ न मिले, तो कष्ट-पीड़ितों की सहायता करने के अवसर खोजे जाएं, इसके लिए जितना समय मिले, उतने समय का सदुपयोग कर लिया जाए; इसे भी एक प्रकार का सौभाग्य ही मानना चाहिए। दुष्ट जनों का दुर्व्यवहार सहना पड़े, तो क्रोध आना और दु:ख होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति का सामना करने के लिए अपना मन उस चिकित्सक जैसा बना लेना चाहिए, जिसे गंदगी में सने, बेहूदी बक-झक करने वाले और अपशब्दों का प्रयोग करने वाले रोगियों से पाला पड़ता ड़ता है। वे समझते हैं कि यह उनकी विवशता है। मस्तिष्क ठीक तरह काम न करने के कारण ही उन्हें अंट-शंट बकना पड़ता है। यदि उनकी मानसिक स्थिति सही रही होती, तो वे भी सभ्य जनों जैसा व्यवहार करते। बुद्धिमान चिकित्सक रोग को भगाने और रोगी को बचाने का प्रयत्न करते हैं। विक्षिप्त रोगियों से भी उनको द्वेष नहीं होता। उलटी-दस्त कर बैठने वाले रोगी की भी वे सफाई का इंतजाम करते हैं।

अवांछनीय जहां भी दीख पड़े, वहीं लड़ाई-झगड़ा आरंभ कर दिया जाए- यह आवश्यक नहीं। असहयोग, उपेक्षा आदि के सहारे भी चला जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर बच्चे द्वारा की जाने वाली उदंडता के अवसर पर धमका देने भर से भी काम चल सकता है। उनके प्रति बहुत कठोर नहीं होना चाहिए। दंड देने की अपेक्षा प्रयत्न इतना ही पर्याप्त है कि उदंडों को डरा देने की धमकी की कुशल व्यवस्था करके ही काम चलाया जाए। ठगों के साथ स्वयं ठगी की जाए, धूर्तों के साथ स्वयं भी धूर्तता करने की योजना बनाई जाए, यह उचित नहीं। नीतिमत्ता एवं शालीनता जैसे आधार अपनाए जाने पर भी दुर्जनों से निपटा जा सकता है। सज्जनों से तो निकट रहकर ही लाभ उठाना चाहिए।

**-युग निर्माण योजना**

# राष्ट्रपति ने एनएसएस के स्वयंसेवक आयुषी सिन्हा एवं सौमित दुबे को किया पुरस्कृत



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयंसेवक सुश्री आयुषी सिन्हा एवं बरकतुल्ला विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र सौमित दुबे को राष्ट्रीय सेवा योजना का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत की अस्मिता एवं सामर्थ्य को प्रभावी रूप से विश्वमंच पर परिलक्षित करने का आन्दोलन है। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य संवेदनशील एवं समाजसेवा भावी श्रेष्ठ नागरिक निर्माण करना है। छात्रा आयुषी एवं छात्र सौमित की यह उपलब्धि न केवल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है बल्कि यह सभी स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा दोनों विद्यार्थियों को सत्र 2022-23 में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने दी बधाई

# भावांतर योजना में करीब 62 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में प्रारंभ की गई भावांतर योजना के पंजीयन में किसान पूरे उत्साह से सहभागिता कर रहे हैं। अभी तक प्रदेश भर में 61 हजार 970 किसानों ने पोर्टल पर अपना पंजीयन कराया है। भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व सौंपा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्नदाताओं की चिंता कर सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। प्रदेश सरकार किसानों को उनके उत्पादन का मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस तरह धान और गेहूं पर किसानों को उनके परिश्रम की कीमत दिलवाने का कार्य किया गया है, उसी तरह सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी लाभ दिलवाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलवाने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें और हितग्राही को सीधा लाभ मिलना चाहिए। भावांतर योजना के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। भावांतर की अवधि 24 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। पंजीकृत कृषक और उनके रकबे के सत्यापन की प्रक्रिया राजस्व विभाग के माध्यम से होगी।

# बंगाली समाज की संस्था पर कब्जे की कोशिश का आरोप

## पुलिस को शिकायत



**भोपाल, देशबन्धु।** हबीबगंज स्थित हबीबगंज कल्चरल एसोसिएशन के अध्यक्ष परितोष नंदी ने संस्था पर कब्जे की साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में आवेदन दिया है। नंदी का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बलपूर्वक संस्था पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है और उन्हें तथा संस्था के सचिव को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

संस्था द्वारा थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि गौतम सरदार, दीपेन हालदार सहित कुछ बाहरी लोगों द्वारा संगठन पर दबाव बनाकर कब्ज़ा करने की कोशिश की जा रही है। इन लोगों ने संस्था पदाधिकारियों को इस्तीफा देने के लिए धमकाया है। नंदी ने कहा कि यह लोग न तो संस्था के सदस्य हैं और न ही उनके पास कोई वैध दस्तावेज हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष परितोष नंदी ने बताया कि हबीबगंज कल्चरल एसोसिएशन (पंजीयन क्रमांक 11339) का गठन वर्ष 1982 में हुआ था। यह संस्था फर्म एवं सोसाइटी कार्यालय में विधिवत पंजीकृत है और हर वर्ष धारा 27 व 28 के अंतर्गत रिपोर्ट और ऑडिट विवरण जमा किया जाता है। संस्था का बैंक खाता भारतीय स्टेट बैंक में सक्रिय है और सभी गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 1999 में यह लगभग निष्क्रिय थी। तब हमने इस संस्था को पुनर्जीवित किया था। बीएचएल की लीज पर ली गई जमीन पर हमने कालीबाड़ी मंदिर का निर्माण कराया। लगभग चार लाख रुपए की बकाया राशि और बिजली बिल चुकाकर संस्था को दोबारा सक्रिय किया। बीते 27 वर्षों से हम लोग यहां मां काली की पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कर रहे हैं। श्री नंदी ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने आगामी 5 अक्टूबर को संस्था परिसर में बिना अनुमति पिकनिक का आयोजन कर विवाद पैदा करने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि नवरात्र की नवमी के दिन भी कुछ तत्वों ने झगड़ा और उन्माद फैलाने की कोशिश की थी, जिसकी शिकायत महिलाओं ने भी थाने में दर्ज कराई थी। बता दें कि इस परिसर में एक क्लब भी संचालित होता है, इसके अलावा यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होता है। हर वर्ष दुर्गा पूजा का पंडाल भी यहीं लगाया जाता है।


# गाजियाबाद के उच्च स्तरीय दल ने देखी इंदौर की स्मार्ट मीटरिंग

**भोपाल, देशबन्धु।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर परियोजना का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश पर सोमवार को नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट गाजियाबाद के उच्च स्तरीय दल ने इंदौर का दौरान कर पश्चिम क्षेत्र में संचालित स्मार्ट मीटरिंग परियोजना का संचालन देखा। दल ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह से भी भेंट की।

एनपीटीआई गाजियाबाद के चार सदस्यी दल के नेतृत्व उप निदेशक महेंद्र कुमार ने किया। दल स्मार्ट मीटर पोलोग्राउंड इंदौर स्थित मास्टर कंट्रोल सेंटर पहुंचा। यहां स्मार्ट मीटर की परियोजना के तहद इंदौर में पहले स्मार्ट मीटर से लेकर वर्तमान स्थिति में तेरह लाख पांच हजार स्मार्ट मीटरों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विशेष रूप से विद्युत सेवा, विद्युत खपत, अधिकतम खपत इत्यादि के संबंध में डाटा विश्लेषण प्रक्रिया के तौर तरीकों पर अध्ययन किया गया। विद्युत सेवा में स्मार्ट मीटर टीम, बिल जनरेशन टीम, सूचना प्रौद्योगिकी टीम इत्यादि के संयुक्त प्रयासों की जानकारी ली गई। मीटरों का म्यूजियम भी देखा गया। दल को परियोजना निदेशक संजय जैन, अधीक्षण यंत्री श्रीमती कीर्ति सिंह, कंट्रोल सेंटर प्रभारी नवीन गुप्ता ने जानकारी दी। फरीदाबाद के उच्च स्तरीय दल ने भी इंदौर की स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था देखी।

स्मार्ट मीटर : नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल, कहा-

# नागरिकों का डेटा, बैंक व अन्य निजी जानकारियां खतरे में



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में स्मार्ट मीटर को लेकर जारी विरोध के बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उन्होंने स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्ताधर्ताओं पर पाकिस्तानी कनेक्शन होने की बात कही है। सिंघार ने इस बात की दावा किया कि स्मार्ट मीटर लगाने वाली अल्फानार कंपनी के कुछ अधिकारियों की तस्वीरें पाकिस्तान के सरकारी प्रतिनिधियों के साथ जुड़े दिखाई देते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि उनके इस संबंध के कारण देश के नागरिकों का डेटा बैंक व अन्य निजी जानकारियां खतरे में पड़ सकती हैं।

सिंघार आज एक पत्रकार वार्ता में मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ने का भी जोखिम बनता है। सिंघार ने प्रस्तुत किए गए प्रमाणों में अल्फानार कंपनी के संपर्क अधिकारियों के पाकिस्तानी होने का उल्लेख करते हुए कहा कि इन लोगों का विदेश से संपर्क चिंताजनक है। सिंघार ने सवाल उठाते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने कथित तौर पर कंपनी का पंजीकरण नहीं किया है, फिर भी कुछ क्षेत्रों में उसे ठेका कैसे मिला? उन्होंने कहा कि कुछ अन्य राज्यों में इस कंपनी के संबंध में सावधानी बरतने की चेतावनियां आई हैं और इसी को लेकर प्रदेश सरकार व केन्द्र को सतर्क रहने की आवश्यकता है। सिंघार ने अपने आरोपों को ऊर्जा वितरण, उपभोक्ता गोपनीयता और राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़कर प्रस्तुत करते हुए सरकार से जवाबदेही की मांग की।

# खेलते-खेलते रेलिंग से गिरी दूसरी बहन ने भी तोड़ा दम

**भोपाल, देशबन्धु।** मंगलवारा इलाके की मोड़ो की बगिया में दो दिन पहले हुए हादसे में घायल पांच साल की मासूम अदीबा ने भी रविवार सुबह दम तोड़ दिया। गौरतलब हे कि दो अक्टूबर को चौथी मंजिल की छत से गिरने से उसकी दो साल की छोटी बहन माहिन की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अदीबा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने अंतिम सांस ली।

मंगलवारा थाना पुलिस के अनुसार, अदनान नूर अपने परिवार के साथ मोड़ो की बगिया स्थित मकान में किराए से रहते हैं। अदनान मजदूरी करते हैं और उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां- अदीबा उम्र 5 वर्ष और माहिन उम्र 2 वर्ष शामिल थीं। दो अक्टूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे दोनों बहनें चौथी मंजिल की छत पर खेलने गई थीं। बताया जा रहा है कि छत पर लगी रेलिंग की ऊंचाई करीब तीन फीट है। खेलते-खेलते छोटी बहन माहिन रेलिंग के पास पहुंच गई और संतुलन बिगड़ने से उलझकर नीचे लटक गई। यह देखकर बड़ी बहन अदीबा ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन दोनों का वजन संतुलन बिगड़ गया और दोनों रेलिंग के उस पार से नीचे आ गिरीं। इससे माहिन की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अदीबा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने अंतिम सांस ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी अजय सोनी ने बताया कि जिस मकान में परिवार रहता था, उसकी छत पर जाने वाले दरवाजे में ताला लगा हुआ था ताकि बच्चे वहां न जाएं। लेकिन दोनों बच्चियां पड़ोस के घर की छत से होकर अपने मकान की छत पर पहुंची थीं। अब तक की जांच में सामने आया है कि रेलिंग के बीच से नीचे झांकते समय संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ था।

# सड़क हादसे में सुपरवाइजर की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** खजूरी सड़क थाना इलाके में रविवार सुबह एक होटल पर नाश्ता करने जा रहे मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात करने टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कमलेश यादव पुत्र मूलचंद यादव उम्र 40 वर्ष मूल रूप से रीवा का रहने वाला था। लेकिन बीते 1 साल से खजूरी इलाके में रह रहा था और वही एक सरकारी प्रोजेक्ट में सुपरवाइजर का काम करता था। रविवार सुबह 8 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर नाश्ता करने के लिए होटल की ओर जा रहा था। इसी दौरान खजूरी सड़क थाने के करीब मुख्य मार्ग पर अज्ञात कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, राहगीरों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सुचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुँचाया और दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया। साथ ही मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं टक्कर मारने वाले वाहन चालक की फिलहाल पहचान नहीं की जा सकी है। उसकी पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के करीब लगे सीसीटीवी कैमरे की तस्वीरें खंगाल रही है।


## नाम सुधार सूचना

मैं करनेलियस सिंह उम्र 40 वर्ष पिता हनुक इम्मानुएल निवासी मकान नं. 159, मिशन काम्पाउंड वार्डन नं.1 सिविल लाईन, सागर म.प्र.। मेरी पुत्री ब्लेसी सिंह जो बसेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल सागर (म.प्र.) में कक्षा 9 में अध्ययनरत है। मेरी पुत्री के स्कूल के दस्तावेजों में मेरा नाम त्रुटिवश KARNELIUS SINGH लिख गया है जबकि मेरा सही नाम KARNALIUS SINGH है। अतः उक्त नाम स्कूल के दस्तावेजो में दर्ज किया जाये जो की सही है।

शपथकर्ता
करनेलियस सिंह

## CHANGE OF NAME

I KARNALIUS SINGH, SON OF HANUK IMANUAL, resident of House No. 159 Mission Compound, Ward No.1, Civil line sagar (M.P.) My daughter. Blessy singh is studying in class 9 at st. Joseph's convent school, sagar (M.P.), In my daughter school record Mentioned my wrong name KARNELIUS SINGH, My correct Name is KARNALIUS SINGH. should be corrected in my daughter school records

KARNALIUSH SINGH
swearer

## न्यायालय नायब तहसीलदार परसोरिया, तहसील सागर जिला सागर

रा.प्र.क्र. अ/27 वर्ष 2025-26
मौजा- सिदगुवां ह.नं. 79

//आम सूचना//

आपको सूचित किया जाता है कि आप अनावेदकगण 1-ताराचंद पिता काशीराम जैन निवासी वर्णी वाचनालय के पास कटरा वार्ड सागर, 2-धन्नालाल पिता हीरालाल जैन निवासी कटरा वार्ड गल्ला मंडी रोड सागर, 3-कन्छेदीलाल पिता हीरालाल जैन निवासी हिना आटो पार्टस जैन मंदिर के पास बाहूबली कालोनी सागर, 4- गोकलचंद पिता गुमान सिंघई निवासी जैन मंदिर के पास रामपुरा वार्ड सागर, 5-शीलचंद जैन पिता चौदेलाल जैन निवासी वर्णी वाचनालय के पीछे कटरा वार्ड सागर तहसील व जिला सागर म.प्र. को आवेदक 1-श्रवण कुमार पिता मथरा प्रसाद जैन, 2- चन्द्रभान पिता मथराप्रसाद जैन निवासी हरिसिंह गौर नगर मकरोनिया तहसील व जिला सागर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि मौजा सिदगुंवा पटवारी हल्का नम्बर 79 में स्थित भूमि खसरा नंबर 519/2 रकवा 700 वर्गफुट याने 0.02/0.006 एकड /हे. बैनामा से खरीद की गई थी बैनामा का नामान्तरण होकर अभिलेख में रकवा 0.006 हे. पर नाम दर्ज किया गया था। वर्तमान कम्प्यूटर अभिलेख वर्ष 2013 के उपरांत हमारे भूमि के रकवा में त्रुटि होकर हमारा रकवा 0.006 हे. के स्थान पर 0.005 हे. दर्ज होकर हमारा रकवा कम हो गया है जो बैनामा अनुसार अभिलेख में रकवा दुरूस्त कराना है। अतः पूर्व खसरा से मिलान होकर वर्तमान कम्प्यूटर अभिलेख में आवेदक की भूमि का रकवा 0.005 हे. के स्थान पर 0.006 हे. याने 700 वर्गफुट किया जाने बाबत लेख किया है।

उक्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुसार प्रकरण का निराकरण किये जाने में आप अनावेदकगणों को यदि कोई आपत्ति अथवा उजर हो तो वह पेशी दिनांक 05/11/2025 को इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकता है बाद गुजरने म्याद के किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा उजर पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/10/ 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

जारी दिनांक 06/10/2025
पेशी दिनांक 05/11/2025

नायब तहसीलदार
परसोरिया


सिरप मामले से प्रभावितों के परिवारों से मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी, कहा-

# दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही सरकार



### असल दोषियों पर की जाए कार्रवाई

**भोपाल, देशबन्धु।** सिरप मामले के प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी परासिया पहुंचे। उन्होंने यहां सरकार पर दोषियों को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार एक डॉक्टर की गिरफ्तारी करके दोषियों को बचाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ड्रग कंट्रोल और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। पटवारी ने मुख्यमंत्री से स्वास्थ्य मंत्री को हटाने की मांग की है।

उन्होंने इस बात पर भी हैरानी जताई कि सरकार के मंत्रियों ने कई दिनों तक इस घटना के संबंध में जानकारी नहीं ली। पटवारी ने कहा कि 16 मासूम बच्चों की मौत एक हृदय विदारक घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी दुख की घड़ी में प्रत्येक शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। पटवारी ने कहा कि जब तक छिंदवाड़ा के उन नन्हे फरिश्तों को न्याय नहीं मिल जाता, उनकी मासूम ज़िंदगियां सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की घिनौनी साज़िश का शिकार हो गई हैं, तब तक कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी।

# समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, बाजरा उपार्जन के लिए साढ़े 4 लाख से ज्यादा पंजीयन

**भोपाल, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए अभी तक 4 लाख 68 हजार 946 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीयन 10 अक्टूबर तक होगा। पिछले वर्ष 7 लाख 84 हजार 845 किसानों ने पंजीयन कराया था। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि समय पर पंजीयन करा लें जिससे उपार्जन में कोई समस्या नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। प्रदेश में 1255 पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर और एम.पी. किसान एप पर भी की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोट पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। प्रदेश में हुए कुल पंजीयन में मुख्य रूप से जिला बालाघाट में 57 हजार 223 किसान, जबलपुर में 24 हजार 710, सिवनी में 28 हजार 349, कटनी में 40 हजार 391, नरसिंहपुर में 7 हजार 245, छिंदवाड़ा में 1,468, उमरिया में 18 हजार 748, अनूपपुर में 13 हजार 612, पन्ना में 20 हजार 204, बड़वानी में 41 और झाबुआ में 20 किसानों ने पंजीयन कराया है।

# सेवा पर्व के दौरान 137 वनवासी घर हुए रोशन



**भोपाल, देशबन्धु।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) अंतर्गत मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में सेवा पर्व के दौरान मालवा निमाड़ में 137 उन घरों को भी रोशनी उपलब्ध कराई गई, जो घर मूल गांवों से दो से तीन किमी दूर मजरे टोले की बसाहट वाले थे। इन गांवों के वनवासी परिवार अब इस बात से खुश हैं कि घर में बच्चे बल्ब की रोशनी में पढ़ाई कर रहे हैं, मोबाइल भी अपने ही घर पर चार्ज हो रहा है और टीवी भी चलाकर मनोरंजन भी हो रहा है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सेवा पर्व में अभियान चलाकर दूरदराज के मजरे, टोले में दो चार घर होने पर भी नए ट्रांसफार्मर, तार, पोल स्थापित कर बिजली प्रदान की गई है। इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीन धार जिले के 9 घरों को, देवास के बागली क्षेत्र के पांजापुरा के 4 घरों को, मंदसौर के दूरदराज के 15 घरों को, नीमच के 25, रतलाम ग्रामीण संभाग के 24 घरों को, शाजापुर के 10 घरों को और उज्जैन जिले के दूरस्थ 50 घरों के सेवा पर्व के दौरान रोशन किया गया।

इंदौर ग्रामीण वृत्त अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि चार मजरों के वनवासी लाभार्थियों सर्वश्री कमल बालू, विश्राम मेढ़ा, मिथून अमर सिंह, बाल्लू धानिया, रातेश अमर सिंह, रूप सिंह बिरमन के घर बिजली कार्मिकों द्वारा ट्रेक्टर और बैलगाड़ियों से पोल, तार भेजकर रोशन किये गये।

दीपावली पर मंडला की जनजातीय महिलाएं रच रहीं परंपरा और रंगों का संगम

# गौड़ी चित्रकारी से सजा रहीं दीये, कलश और पूजा थालियां



**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय बहुल मंडला जिला में इस दीपावली पर परंपरा और कला का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ की जनजातीय महिलाएं अपनी पारंपरिक गौड़ी चित्रकारी से मिट्टी के दीये, कलश, पूजा थाली, पोस्टकार्ड, की-रिंग, पेपर वेट और अन्य सजावटी वस्तुएं तैयार कर रही हैं, जो त्यौहार की रौनक को और बढ़ा रही हैं।

यह पहल हाथकरघा एवं हस्तशिल्प संचालनालय भोपाल तथा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पंचायत मंडला के सहयोग से, ग्रामीण विकास एवं महिला उत्थान संस्थान द्वारा संचालित की जा रही है। विकासखण्ड इंद्री सेक्टर में चल रहा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 सितम्बर को शुरू हुआ। प्रशिक्षण 10 अक्टूबर 2025 तक आयोजित है, जिसमें 30 जनजातीय महिलाएं भाग ले रही हैं।

गौड़ चित्रकारी मंडला जिले की सांस्कृतिक पहचान है। यह कला गौंड जनजाति के जीवन-दर्शन, आस्था और प्रकृति के गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। इस परंपरागत कला को नए रूप में सहेजते हुए, जागृति उईके, निकिता उलारी, बरखा उलारी, प्रीति धुर्वे, वंदना तेकाम, सुमन मरावी, रेखा उसराठे, सुरेखा मीना, मर्सकोल ज्योति जैसी स्थानीय महिलाएं अपने हाथों से परंपरा और सृजन का सुंदर मेल प्रस्तुत कर रही हैं।

दीपावली को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जा रहे गौड़ी चित्रों से सजे दीये, पूजा थालियां और कलश न केवल कला का उत्कृष्ट उदाहरण हैं बल्कि इन महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक प्रेरक कदम भी हैं। उत्पादों की कीमतें भी निर्धारित की गई है हेण्डमेड पेपर (3) 900 रूपये, कैनवास (3) 1200 रूपये, की-रिंग 90 रूपये, दीपक 10 रूपये, पेपर वेट 50 रूपये, रूमाल 100 रूपये और पोस्टकार्ड 40 रूपये है। ये सभी वस्तुएं विक्रय के लिए उपलब्ध हैं।


## नाम सुधार सूचना

मैं अनिल नागवानी पुत्र श्री गोविंदराम नागवानी निवासी संत कंवराराम वार्ड, सागर, (म.प्र.) 470001 का निवासी हूं। मेरी पुत्री सुदीक्षा नागवानी सेण्ट जोसेफ कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विधालय सागर सीबीएसई से संबद्ध में कक्षा 9 में अध्ययनरत है। सीबीएसई पंजीकरण फार्म में मेरा नाम त्रुटिवश अनिल नागवानी लिख गया है। मेरा नाम सही नाम अनिल कुमार नागवानी है, जो कि आधार कार्ड, समग्र आईडी व अन्य दस्तावेजों में अंकित है। अनिल कुमार नागवानी और अनिल नागवानी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। अतः मेरा और उपनाम को हिन्दी व अंग्रेजी दोनों में मेरी पुत्री सुदीक्षा नागवानी के विद्यालय अभिलेखों में सुधार किया जाये जो कि सही है।

शपथकर्ता
अनिल कुमार नागवानी

## न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-सागर म.प्र.

प्रकरण क्रमांक.... /स-149/2025-26

विज्ञप्ति

आवेदकगण श्री **अजय यादव** पिता श्री लखन यादव उम्र 27 वर्ष स्थायी निवासी ग्राम नयागांव थाना व तहसील केसली जिला सागर (मध्य प्रदेश) एवं **पारूल वर्मन** पुत्री श्री शिवकुमार वर्मन उम्र-19 वर्ष स्थायी निवासी- म.नं. 40 ग्राम गुड गडोहा थाना व तहसील केमोर जिला कटनी (मध्य प्रदेश) द्वारा आधार कार्ड, शपथ पत्र तथा उचित शीर्ष में 100 रूपये का चालान आदि दस्तावेज पेश कर मय तीन साक्षियों के विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत विवाह पंजीयन कराये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति को इस विवाह के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा आपत्ति हो तो वह इस संबंध में दिनांक **27.10.2025** तक अपनी आपत्ति अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी सागर के कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 बजे से 06.00 बजे तक दर्ज करा सकते है। नियत दिवस व्यतीत होने पर किसी प्रकार की शिकायत/आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी।

अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला, सागर म.प्र.

## नोटिस

In The Court of II Civil Judge Class-Junior Division, District Court, Panna
Presiding Officer: सुश्री श्वेता आर्य
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSA/0000092/2017)

शफीक मोहम्मद............................................................वादी
Vs
रफीक मोहम्मद............................................................प्रतिवादी

**Process Id-/2025**
**पेशी दिनांक 24/10/2025**

प्रेषिती-
(1) रफीक मोहम्मद पिता शफीक मोहम्मद उरफ छिद्दी पता निवासी बिजावर बस स्टैण्ड टायर की दुकान के पीछे तहसील व जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(2) जुम्मन खान पिता जम्मू खान पता निवासी बिजावर बस स्टैंड टायर की दुकान के पीछे तहसील व जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(3) नजमा खान पिता जम्मू खान पता निवासी बिजावर बस स्टैण्ड टायर की दुकान के पीछे तहसील व जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(4) नाजिया पिता शफीक पत्नी हसन पता- निवासी ग्राम मंजूर नगर खजुराहो तहसील राजनगर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(5) नासिर खान पिता जम्मू खान पता निवासी बिजावर बस स्टैण्ड टायर की दुकान के पीछे तहसील व जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(6) मासूम खान पिता जम्मू खान देता निवासी बिजावर बस स्टैण्ड टायर की दुकान के पीछे तहसील व जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(7) साबरा खान पिता जम्मू खान पता- निवासी बिजावर बस स्टैण्ड टायर की दुकान के पीछे तहसील व जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(8) सोनम खान जम्मू खान पता- निवासी बिजावर बस स्टैण्ड टायर की दुकान के पीछे तहसील व जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(9) शाकरा खान पिता जम्मू खान पता- निवासी बिजावर बस स्टैण्ड टायर की दुकान के पीछे तहसील व जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(10) राजू खान पिता जम्मू खान पताः निवासी बिजावर बस स्टैण्ड टायर की दुकान के पीछे तहसील व जिला छतरपुर मध्यप्रदेश
(11) रजिया पिता शफीक पता निवासी हाजी बिल्डिंग के सामने पन्ना जिला पन्ना मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी शफीक मोहम्मद ने आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 29 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(श्वेता आर्य)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड पन्ना (म.प्र.)

## सार समाचार

### जनपद अध्यक्ष निवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण के पास स्थित जनपद अध्यक्ष श्रीमती शिल्पी- अतुल खटीक के आवास पर बीते सोमवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। बताया गया है कि यह आयोजन उनके पुत्र रियांश के जन्मदिन की उपलक्ष में किया गया है। नगर के प्रसिद्ध गढ़ी हनुमान जी मंदिर की शिष्य मंडली के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया गया। जिसे सुनकर श्रोता भक्ति भाव से विभोर हो गए। निरंतर 105 मिनट का पाठ किया गया।

श्रद्धालुओं को सुंदरकांड का महत्व समझाते हुए जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अतुल खटीक ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति भवसागर से तर जाता है। मनुष्य को जीवन में कभी किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता है। सुंदरकांड सुनने से मनुष्य के आत्मिक एवं भौतिक ज्ञान का विकास होता है। विश्व में सभी जगह सुंदरकांड की महिमा है। पाठ के समापन पर महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सेवानिवृत कर्मचारी से मांगे थे रुपए

# जिला चिकित्सालय का नेत्र सहायक 20 हजार की रिश्वत लेते धराया



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** टीकमगढ़ में भ्रष्टाचार का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लोकायुक्त द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई में भ्रष्टाचारी पकड़े जा रहे हैं, इसी कड़ी में एक और भ्रष्टाचारी को लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए धर दबोचा। जिला चिकित्सालय में पदस्थ नेत्र सहायक उमेश जैन को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में कार्रवाई करने के लिए स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रमेश चंद्र नायक ने सागर लोकायुक्त से शिकायत की थी। शिकायतकर्ता नायक ने बताया कि वे 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए थे, लेकिन उनकी सेवानिवृत्ति की राशि विभाग की ओर से अब तक जारी नहीं किया गया था। इस संबंध में उन्होंने 2 बार सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन से शिकायत की थी। सीएमएचओ ने ही उन्हें उमेश जैन से मिलने की सलाह दी थी, यह कहते हुए कि वह उनकी समस्या का समाधान कर देंगे।

नायक के अनुसार, जब वह जैन के पास पहुंचे तो जैन ने रिटायरमेंट फंड को जल्दी जारी कराने के लिए उनसे 30 हजार रिश्वत की मांग की। लंबी बातचीत के बाद, यह राशि 28 हजार की तय हो गई।

शिकायतकर्ता नायक ने इसकी सूचना लोकायुक्त सागर को दी गई। सोमवार को जब नायक, तय राशि में से पहली किस्त के रूप मे 20 हजार लेकर नेत्र सहायक उमेश जैन के पास पहुंचे, उसी समय लोकायुक्त टीम सागर ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया। लोकायुक्त टीम ने आरोपी नेत्र सहायक उमेश जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# दुष्कर्म के फरार आरोपी को कोतवाली पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को प्रभावी तथा त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

इसी क्रम में थाना कोतवाली में पंजीबद्ध अपराध में नामजद फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे थे। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेंद्र छारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

टीम द्वारा सटीक मुखबिर सूचना एवं साइबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपी रवि पिता रामदीन प्रजापति, निवासी पुरानी टिहरी, जिला टीकमगढ़ को दिल्ली से दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को सफलता पूर्वक गिरफ्तार किया गया। इस उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक उपेंद्र छारी, उप निरीक्षक मनोज दुबे, प्रधान आरक्षक मोहन तथा आरक्षक अरविंद की उल्लेखनीय भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई ने पूरी टीम के इस साहसिक एवं अनुशासित कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस की प्राथमिकता है। ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं सतत कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे समाज में कानून का शासन और जनसुरक्षा की भावना और मजबूत हो। टीकमगढ़ पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को प्रदान करें, ताकि अपराधों पर शीघ्र एवं प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने किया सीसीटीएनएस आरक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित

# पुलिस को सीसीटीएनएस रैंकिंग में मिला राज्य में द्वितीय स्थान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित सीसीटीएनएस परियोजना में टीकमगढ़ पुलिस ने प्रदेश स्तर पर *द्वितीय स्थान* प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम टीकमगढ़ में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ सीसीटीएनएस कार्य में लगे आरक्षकों को प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने समस्त आरक्षकों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले की पुलिस टीम के सामूहिक परिश्रम और तकनीकी दक्षता का परिणाम है। उन्होंने सभी को आगे भी इसी समर्पण और लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया, ताकि आगामी रैंकिंग में टीकमगढ़ जिला प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सके।

कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, प्रधान आरक्षक (सीसीटीएनएस) सुनील प्रजापति, प्रधान आरक्षक (कंप्यूटर) रत्नेश, आरक्षक श्रीमती आरती कुशवाहा सहित जिले के समस्त थानों से पदस्थ सीसीटीएनएस आरक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सीसीटीएनएस शाखा द्वारा किया गया और अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# नगरपालिका निर्वाचन की फोटोयुक्त मतदाता सूची हेतु द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न



**सिरोंज, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विदिशा के निर्देशन में स्थानीय निर्वाचन शाखा के अंतर्गत नगरपालिका एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के लिए द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज तहसील कार्यालय परिसर स्थित बीआरसी भवन सिरोंज में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण का शुभारंभ दोपहर 12 बजे किया गया, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रेशन अधिकारी सिरोंज ने उपस्थित सभी प्राधिकृत कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य की पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र क्रमांक 01 से 47 तक के कर्मचारियों को 08 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर बैठकर दावे और आपत्तियाँ स्वीकार करनी होंगी।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर लालचंद राजपूत, प्राचार्य एल.बी.एस. कॉलेज सिरोंज तथा सी.पी. व्यास, शिक्षक द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 01 जनवरी 2025 की स्थिति में जिन नागरिकों की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है, उनके नाम आवश्यक दस्तावेजों सहित नगरपालिका निर्वाचन की फोटोयुक्त मतदाता सूची में सम्मिलित किए जा सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुद्धता तथा पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया।

जांच करने पहुंची पुलिस की एफएसएल टीम

# हनुमान मंदिर में चोरी चांदी के आभूषण और छत्र ले गए चोर



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के एक्सीलेंस स्कूल रोड स्थित बजाज की बगिया हनुमान मंदिर में रविवार रात चोरी हो गई। अज्ञात चोर हनुमान जी की प्रतिमा से चांदी के आभूषण चुरा ले गए। सोमवार सुबह पुजारी गणेश चतुर्वेदी ने मंदिर पहुंचने पर चोरी का पता चला और पुलिस को सूचना दी। पुजारी गणेश चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार रात करीब 9:30 बजे शयन आरती के बाद उन्होंने मंदिर बंद कर दिया था। सोमवार सुबह जब वे मंदिर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर हनुमान जी की प्रतिमा से चांदी का मुकुट, चांदी का छत्र, दोनों हाथों के चांदी के चूड़ा बंधन और पैरों के चूड़े गायब मिले। पुजारी की शिकायत पर कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने एफएसएल टीम से भी घटनास्थल की जांच कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों का जल्द पता लगाया जा सके।

# गरबा महोत्सव में दूसरे दिन बरसते पानी में आराधना की



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर में संतोषी मां चार दिवसीय गरबा महोत्सव के दूसरे दिन मां संतोषी अंबे महारानी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। मां संतोषी माता की आराधना के साथ गरबा प्रारंभ हुआ बरसते हुए पानी में भक्ति भाव के साथ माताएं बहनें मातृशक्ति व छोटी-छोटी कन्या गरबा करती रही।

मां पार्वती नगर अलीपुर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मनोहर श्रीवास्तव, पल्लव प्रगति, विशेष अतिथि गणों का आयोजन मनोज कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, सुशील कुशवाहा ने पुष्प माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। कुशवाहा समाज अध्यक्ष रवि कुशवाहा, बबनराव माहडिक, पटेल दलकिशोरी कुशवाहा, ताराचंद कुशवाहा,मुकेश कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा पटेल, संजय सुराणा, शुभम कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, प्रतीक माहडिक, प्रकाश कुशवाहा, एवं मातृशक्ति अखिल भारतीय कुशवाहा महिला महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती गीता नरेंद्र कुशवाहा, नवरत्न गजानन महिला मंडल अध्यक्ष अनीता महाडिक, पार्वती बाई कुशवाहा, देवकी बाई कुशवाहा, आशा प्रकाश कुशवाह, ज्योति दीपक मेवाड़ा, गायत्री कुशवाह, नीता महाडिक, अश्वनी महाडिक, हेमलता कुशवाहा, पूजा कुशवाहा, सपना कुशवाहा, बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही।

# संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकला पथ संचलन



**भैरूदा, देशबन्धु।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य पथ संचलन हुआ। गर्मी और उमस बीच स्वयंसेवकों ने अनुशासित रूप से कदमताल किया।

मुख्य वक्ता प्रांतीय सह व्यवस्था प्रमुख रामवीर कौरव, मुख्य अतिथि रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर लाल शाहजी, जिला संघ चालक रामानंद महेश्वरी, खंड संघ चालक बृजमोहन गौड़ ने पहले शस्त्र पूजन किया एवं संघ के योगदान पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवकों ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी आस्था और समर्पण का प्रदर्शन किया। शासकीय महाविद्यालय, कृषक संगोष्ठी भवन, गांधी चौक छोटा बाजार, एवं तिवारी कंपलेक्स से अलग-अलग पथ संचलन निकाला गया जो नगर की छोटी-छोटी गलियों से होता हुआ मुख्य कार्यक्रम स्थल उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पहुंचाा। यहां संघ की प्रार्थना एवं बौद्धिक के बाद पथ संचलन निकाला गया जो नगर के जेपी मार्केट, रॉयल मार्केट, साई चौराहा ,बंगाली चौराहा, गांधी चौक छोटा बाजार ,किसान मोहल्ला ,भदभदा रोड, इंदौर रोड, सीहोर रोड दुर्गा चौराहा सरवरा कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी, शनि मंदिर मार्ग कृषि उपज मंडी मार्ग, बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर चौराहा, जेपी मार्केट होता हुआ उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पहुंच। पथ संचलन का 50 से अधिक स्थानों पर स्वयं सेवी संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

# कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान को लेकर हुई बैठक



**सीहोर, देशबन्धु।** देश व्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान एवं संगठन के पुनर्निर्माण, बीएलए के गठन एवं स्मार्ट मीटर की अनिमित्ता, किसानों की समस्या, सीहोर जिले के किसानों को मुआवजा न मिलने के संबध मे जिला कांग्रेस कार्यालय में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। बैठक को संबोधित करते हुए गुजराती ने कहा कि सृजन संगठन अभियान के तहत चलने वाले देश व्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में में सभी लोग सहभागिता करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेश दयाल चौरसिया, नईम नवाब, ओम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, आशीष गेहलोत, सुदीप व्यास, ओम बाबा राठौर, अरूण राय, सुरेश बाबु राठौर, नरेन्द्र खंगराले, एस. कुमार राठौर, हर्षदीप राठौर, हरीश आर्य, आसिफ अंसारी, गुलजारी बाजपेई, कमल सूर्यवंशी, कपिल गौर, घनश्याम मीणा, मारुति राव, घनश्याम यादव, मनोज पटेल, हसीन कुरैशी, मजीद अंसारी, नायाब खान, के.के. रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, मीरा रैकवार, संतोष मालवीय, साजिद खान, इरफान लाला, शुभम मालवीय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए दिशा-निर्देश

# भावांतर योजना में किसानों को आ रही समस्याओं का राजस्व अधिकारी निराकरण करें

**राजस्व महाभियान की दैनिक मॉनिटरिंग की जाए**



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के संबंध में सभी विभागों से प्राप्त प्रतिवेदनों पर चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात ने भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा की एवं निर्देश देते हुए बताया कि किसानों को पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आए। यदि किसी किसान की गिरदावरी रिपोर्ट में गलत जानकारी प्रविष्टि हो गई है, जिससे उसे पंजीयन में समस्या आ रही है तो संबंधित राजस्व अधिकारी पटवारी के माध्यम से गिरदावरी रिपोर्ट में संशोधन कराएंगे।

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने राजस्व महाभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान की प्रगति प्रतिदिन गूगल शीट पर दर्ज हो, इसकी दैनिक मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरसीएमएस प्रकरणों के निराकरण के पश्चात आवेदनकर्ता को उसके आदेश की प्रति प्राप्त कराई जाए। श्री श्रोत्रिय ने 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलाए जा रहे दुग्ध संपर्क क्रांति अभियान के सम्बद्ध निर्देश जारी किए एवं बताया कि ग्रामवार दौरा करके अधिक से अधिक लोगों से संपर्क किया जाए।

बैठक में श्री श्रोत्रिय ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत आयोजित की गई सभी संबंधित विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की साथ ही उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा की एवं जनपद सी.ई.ओ. को निर्देश दिए आदिम जाति कल्याण विभाग के साथ समन्वय कर आदि सेवा केंद्र के निर्माण शीघ्र पूर्ण करें। पंचायत सचिवों के माध्यम से पंजीयन में प्रगति लाएं एवं एजेंडा अनुसार विलेज बुक समय पर तैयार कराएं। उन्होंने पीएमएवाय अंगीकार अभियान की समीक्षा कर सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि लंबित सूची को अनुमोदित कर पीआईसी में दर्ज करायें एवं पात्र और अपात्र हितग्राहियों को नियमानुसार चिन्हित करें।

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सीएम हेल्पलाइन में विभागवार लंबित शिकायतों, सौ दिवस से अधिक लंबित शिकायतों एवं समाधान ऑनलाइन में चयनित एंट्रीब्यूट का बारीकी से अवलोकन कर कम प्रगति वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त की तथा निराकरण हेतु सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, विभिन्न विभागों के अंतर्गत ई-केवाईसी की प्रगति, लोक सेवाओं के प्रदाय के गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में लंबित प्रकरणों, विभिन्न आयोगों, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त पत्रों के उत्तर भेजने, टीएल पत्रों पर की गई।

कार्यवाही, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों में अभ्यावेदनों का समय सीमा में निराकरण/पंजी का संधारण सहित अन्य बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिव प्रसाद मंडराह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर , सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, पीओडूडा सुश्री शिवि उपाध्याय, लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर्ष फायरिंग में युवती को लगी गोली, ग्वालियर रेफर

## घर के बाहर खड़ी गृह प्रवेश कार्यक्रम देख रही थी दोनों बहने



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के मामौन गांव में नवजात बच्चे के गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवती काजल नापित (19) को गोली लग गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। युवती के गले में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गई। उसकी मां गीता नापित ने बताया कि काजल और उसकी बड़ी बहन घर के दरवाजे पर खड़े होकर कार्यक्रम देख रही थीं। इसी दौरान तेज आवाज के साथ दोनों बच्चियां घायल हो गई। बड़ी बेटी को मामूली चोट आई, लेकिन काजल को गंभीर चोट लगी है।

हादसा पड़ोसी विकास शुक्ला के घर पर हुआ। शुक्ला परिवार हाल ही में झांसी से नवजात बच्चे को लेकर घर आया था और उसी के गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। कोतवाली थाना प्रभारी उपेन्द्र छारी ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार समाचार

### किसान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दमोह देशबन्धु।** भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादक किसानों को योजना के लाभ एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देने हेतु किसान जागरूकता रैली को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचात अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस सबंध में उप-संचालक कृषि ने बताया रैली का उद्देश्य किसानों को भावांतर भुगतान योजना की विस्तृत जानकारी देना एवं उन्हें योजना में पंजीयन हेतु प्रेरित करना रहा। अधिकारियों द्वारा किसानों को बताया गया कि यह योजना किसानों को बाजार में उचित मूल्य न मिलने पर सरकार द्वारा निर्धारित भावांतर राशि प्रदान करने हेतु चलाई जा रही है। रैली के दौरान जागरूकता बैनर, पोस्टर एवं प्रचार वाहन के माध्यम से किसानों को योजना की जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर कृषि विभाग उप संचालक जी.एल.अहिरवार, ए.डी.ओ. जे.एल. प्रजापति, आर.के. जैन, भरत यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण, किसान बंधु मौजूद रहे।

### रविदासिया धर्म संगठन ने किया युवा सम्मान समारोह का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** शहर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर मंगल भवन में युवा अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन दमोह के युवा जिला अध्यक्ष मोहनीश राव के तत्वावधान में युवा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के युवाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश धार्माचार्य संत रामदयाल शास्त्री एवं मुख्य अतिथि विकांत मनसूरे ने संत शिरोमाणी गुरु रविदास एंव डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर तत्पश्चात संगठन के पदाधिकारियों ने अतिथियों का शाल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया। धर्माचार्य रामदयाल शास्त्री ने अपने उदबोधन में संत रविदास के जीवन दर्शन और उनके मानवता समानता एवं भाईचारे का संदेश पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि सुनील आनन्द जी, रामेश्वर चौधरी, हेमराज पार्षद कोमल, गंगाराम, अशोक, जुगेन्द्र चौधरी, के पी. अहिरवार, संगठन के पदाधिकारी धर्मेश, संदीप, रविन्द्र, हर्वेन्द्र, सुभाम, प्रमेन्द्र, प्रदीप, श्रीराम, विजय, अशोक, नीलेश, अशीष, धर्मेन्द्र, संजय, हेमन्त, अरविन्द्र, नरेन्द्र, धीरज, मनोहर, सुबौद्ध, राजेन्द्र, अजय, सुनील, महेन्द्र शाशीकांत सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं संगठन के सदस्यों की उपस्थिति रही। समारोह के अंत में सभ उपस्थित जनों ने जय भीम जय भारत जय गुरूदेव के नारो के साथ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और संत रविदास के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त जिला अध्यक्ष मुकेश अहिरवार जी ने किया।

### एम एल बी स्कूल में आयोजित हुआ आर एस एस का विजयदशमी उत्सव

**दमोह/हटा देशबंधु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 100 वर्ष पूर्ण होने पर नगर के एम एल बी स्कूल में विजयदशमी पर्व उत्सव का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र पूजन हुआ जिसके बाद अतिथि को मंच पर परिचय किया गया जिसमें हटा के खण्ड संचालक दयाराम अहिरवार, मुख्य अतिथि माखन लाल नेमा सेवा निवृत्त एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वप्निल कुलकर्णी क्षेत्र प्राचरक मध्य क्षेत्र रहे, कुलकर्णी ने संघ के 100 वर्ष के सफल पर प्रकाश डाला , उन्होंने कहा कि समाज को एक साथ लाकर ,समाज के बीच विश्वास लेकर हमें आगे बढ़ना है, इस शाताब्दी वर्ष में प्रत्येक स्वयं सेवक को पांच बातों का संकल्प लेना अतिआवश्यक है जिसमें, सर्वप्रथम है हमें अपने क्षेत्र के हर कोने में शाखा लगनी होगी , दूसरा है व्यक्तिगत सामाजिक समरसता का परिपालन तीसरा है अपनी मातृभूमि को बंजर होने से बचाना संरक्षण करना,भूमि को बचाना, चौथा है मेरा घर स्वदेशी का आचरण करें, एवं पांचवां अंतिम संकल्प है भारत के बनाए गए नियमों , कानून का पालन करना। उक्त संकल्प के साथ संघ से जुड़े सब स्वयं सेवकों को आगे बढ़ना है । कार्यक्रम के समापन में नगर के एम एल बी स्कूल से पथ संचलन का शुभारंभ हुआ।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नहीं की गई कार्रवाई

# पुलिस आरक्षक की सजगता से पकड़ा गया, 16 क्विंटल नकली खोया

**दमोह देशबन्धु।** शरद पूर्णिमा का त्योहार सभी जगह मनाया जा रहा है जिसमें खोया की खपत बढ जाती है और हर साल जिले में नकली और मिलावटी खोया विक्री की खवरें सामने आती रही हैं लेकिन जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली इन दिनों संदेहास्पद और चर्चाओं में बनी हुई है जिसके द्वारा पूरे जिले में नकली खोया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

कुछ दिनों पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की संदेहास्पद कार्यप्रणाली को देखते हुए कलेक्टर दमोह द्वारा वरिष्ठ खाद्य अधिकारी से खाद्य पदार्थों की चैकिंग एसडीएम के नेतृत्व में करने के निर्देश दिये थे इसका परिणाम हुआ कि इसके वाद अभी तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कोई कार्रवाई ही नहीं की



गयी जिसमें शरद पूर्णिमा जैसा विशेष त्योहार भी अछूता नहीं रह जा रहा था वह तो बस स्टैण्ड पर मुस्तैद पुलिस आरक्षक को जिले में बाहर से बस के माध्यम से नकली खोया आने की सूचना मिली जिसके वाद कोतवाली पुलिस द्वारा बस से नकली और मिलावटी खोया वरामद कर खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित किया और इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कार्रवाई की गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शरद पूर्णिमा के अवसर पर दमोह कोतवाली में पदस्थ आरक्षक जितेंद्र मिश्रा को सूचना प्राप्त हुई की बस स्टैंड पर बस के माध्यम से नकली खोया आ रहा है इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों और खाद्य सुरक्षा विभाग को दी गयी। तब दमोह शहर के बस स्टैण्ड सरस्वती स्कूल के सामने टीकमगढ़ से आ रही बस को रोककर तलाश किया और मौके पर ही उसमें करीब 16.50 क्विंटल मिलावटी खोया बोरियों सहित जप्त किया गया है। इसकी जांच पड़ताल खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गयी है। प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि यह खोया ग्वालियर, झांसी से आया है और खोया कहां और किसके लिए जा रहा था, इसकी जांच भी पुलिस कर रही है। जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग का आलम यह है कि सालों से जिले में पदस्थ वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिले के बाहर से अप डाउन कर रहे हैं और शरद पूर्णिमा जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार में पूरे जिले में नकली खोया को पकडने कहीं कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गयी वह तो गनीमत रही कि पुलिस को सूचना मिल गयी और उसने नकली खोया पकड लिया।

## सलेहा वनपरिक्षेत्र में 20 हेक्टेयर वनभूमि अतिक्रमण से मुक्त



**पन्ना, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र सलेहा में परिक्षेत्र अधिकारी जीतू सिंह बघेल के निर्देशन में बीट हरदुआ एवं बीट बिल्हा में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान वन एवं राजस्व सीमा के अनुरूप खंती खुदाई कर सीमांकन किया गया, जिससे क्षेत्र की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित हुई।

बीट हरदुआ के कक्ष क्रमांक P-734 में लगभग 10 हेक्टेयर तथा बीट बिल्हा के कक्ष क्रमांक P-731 में भी लगभग 10 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इस प्रकार दोनों बीटों में कुल लगभग 20 हेक्टेयर क्षेत्र एक साथ अतिक्रमणमुक्त हुआ, जिससे वनभूमि की पुन: सुरक्षा सुनिश्चित हुई। कार्यवाही के दौरान ग्रामीणों एवं अतिक्रमणकारियों को भविष्य में वन भूमि पर अतिक्रमण न करने हेतु समझाइश दी गई। इस अभियान में परिक्षेत्र सहायक खबरी धरवारा, बीट गार्ड हरदुआ, बिल्हा एवं अन्य वनकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

पन्ना में नही थम रहे सर्प दंश के मामले

## सोते समय बालिका को सांप ने डसा, उपचार के दौरान मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में लगातार ज़हरीले सांपो का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। एक बार फिर ज़हरीले सांप के डसने से एक 15 वर्षीय बालिका ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना इसलिए भी काफी दुखद है मृतिका नाबालिक अपने माँ-बाप की इकलौती संतान थी। जिसकी मौत से परिजनों पर मानो दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन मनोज कुमार सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि बबलू सोनकर जो मजदूरी का काम करके अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करते है उनकी एकलौती बेटी कृष्णा सोनकर 15 वर्ष जो कि कक्षा 7 वीं की छात्रा है वह शासकीय माध्यमिक शाला रानीबाग में पढ़ती थी।

विगत दिनांक 4 अक्टूबर को रात्रि के समय अपने कच्चे मकान के अंदर जमीन पर सो रही थी इसी द्वारान करीब ढाई फिट काला सांप आया और उसे काट लिया बच्ची को जैसे ही किसी के काटने का एहसास हुआ उसने परिजनों को मामले की जनकारी दी परिजनों ने जब घर के अंदर



देखा तो सांप घर के अंदर बानी दीवार में छिप गया।

घटना के बाद परिजन तत्काल बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आये चिकित्सको ने बच्ची का उपचार शुरू किया लेकिन सांप ज़हरीला होने की वजह से बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। 5 अक्टूबर को पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## स्वास्थ्य मंत्री का पुतला फूंका

**दमोह देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेसजनो ने अंबेडकर चौक के पास एकत्रित होकर प्रदेश की भाजपा सरकार की लचार स्वास्थ्य व्यवस्था के आये दिन मासूम बच्चो गर्भवती महिलाओ एवं नौजवानो की असमय मौतो को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने आक्रोशित होकर स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला का पुतला फूकते हुए उनके अविलंब स्तीफे की मांग की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जहरीली दवा सीरफ से 16 मासूम बच्चे की मौत सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की मिली भगत से आज एक अपराध हुआ है इस भयानक घटना ने पूरे प्रदेश को झनझोर दिया है जिनके बच्चो की जान भ्रष्ट सिस्टम और दवाओ ने छीन ली है उन्हें जब तक न्याय नहीं मिलता कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी।



पूर्व विधायक अजय टंडन पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि सरकार की यह घोर लापरवाही है औपचारिकता के तौर पर डॉक्टर को तो गिरफ्तार कर लिया किंतु दोनो वह व्यक्ति है जो बल्लभ भवन में बैठकर इस तरह की दवाई की सप्लाई का आदेश देते है। संजय चौरयि, सुषमा सिंह, कमला निषाद, राजेश तिवारी, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, लालचंद राय, परम यादव, प्रदीप पटेल, तिलक सींग, मंजीत यादव, अफ्जल खान, रोहन पाठक, अजय जाटव, दिनेश रैकवार, बबलू भट्ट, भपेन्द्र आजवानी, मुख्तार जाफरी, मुरसलीम कुरैशी, केके अग्रवाल, डालचंद कुशवाहा ने भी स्वास्थ्य मंत्री के दो दो पुतले फुंककर पुलिस को जमकर छकाया। इस अवसर पर नगर के समस्त पार्षद एवं ग्रामीण कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## मुख्य सड़कों पर जानलेवा गड्ढे, जिम्मेदार बेपरवाह



**पन्ना, देशबन्धु।** विकास के खोखले दावों की पोल सलेहा से गंज मार्ग की सड़क खोल रही हैं। मगर सरकार के नुमाइंदे तरक्की का ढोल पीटते रहते हैं सलेहा से नागौद मार्ग पर सलेहा और गंज की बीच की सड़क वर्षो से जर्जर अवस्था में है इस सड़क की डामल परत उखड़ गई है सड़क की गिट्टी निकल आई हैं यह सडक वाहनों के चलने लायक नहीं बची बम्हौर टोला के पास सड़क के दोनों तरफ गहरे गड्ढे हो गए हैं इन गड्ढों में पानी भरा है कईअनजान वाहन चालक हादसे के शिकार हो गये है और कई बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। जिन्हें सतना के अस्पताल में भर्ती कराया गया गड्ढे इतने गहरे हैं कभी भी जानलेवा हादशा हो सकता है। वैसे तो यह पूरा मार्ग जर्जर है पर मार्ग के गड्ढे राहगीरों को किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं है जबकी चौमुख नाथ मंदिर जिलेभर की आस्था का केंद्र है वहां अफसर से लेकर जनप्रतिनिधि अक्सर आते जाते है पर सब के सब बेपरवाह होकर नजर अंदाज कर रहे हैं जब सड़कों में पानी भर जाता है तो गड्ढे दिखना बंद हो जाते हैं और इन्हीं गड्ढों में हादसे हो रहे हैं अगर इन गड्ढों का सुधार नहीं किया गया तो किसी के लिए जानलेवा साबित होंगे क्षेत्रीय विधायक वीर उदासीन बने हुए हैं सिर्फ दौड़ा करते हुए फोटो डालते रहते है लोगों ने सड़क सुधरवाने की मांग की है पर न कोई विभागीय अफसर न कोई जिम्मेदार जनप्रतिनिधि राहगीरों की समास्या के प्रति गंभीर है स्थानीय लोगों ने तत्काल सड़क मार्ग का सुधार कराए जाने की मांग की है।

## साइबर क्राइम से बचने के लिए उपाय बताएं

**दमोह देशबन्धु।** साइबर क्राइम कैसे होते हैं और इनसे बचने के उपाय विषय पर दमोह साइबर क्राइम ब्रांच की ओर से बताया गया कि हमारी लापरवाही लालच और पूरी जानकारी न होना ही इसके मुख्य कारण है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सतर्कता पूर्वक उपयोग करें अब सिर्फ ओटीपी मांगने के अलावा भी कई प्रकार से हैकर आपका पैसा, गोपनियता और ब्लैकमेल जैसे काम करने लगे हैं।

इन सबसे बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। लायंस क्लब दमोह ने, मासिक बैठक में पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। अपनी शारीरिक छति के बावजूद, अपना कर्तव्य निभाते हुए, पुलिस बल का नाम ऊंचा करने वाले राजेंद्र मिश्रा बांदकपुर चौकी इंचार्ज, सौरभ टंडन और राकेश अठया (साइबर क्राइम ब्रांच) को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। बैठक का आयोजन श्री राजेंद्र अग्रवाल ने किया। लायंस क्लब अध्यक्ष ला.सौरभ अग्रवाल, सचिव ला. डॉ.मनीष संगतानी और कोषाध्यक्ष ला. डॉ. हरिओम दुबे ने सभी को आभार व्यक्त किया।

## बसपा ने डॉ.अंबेडकर विरोधी अनिल मिश्रा पर एफआईआर करने ज्ञापन सौंपा

**दमोह देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी मध्य प्रदेश के आदेश अनुसार बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई दमोह द्वारा महामहिम राष्ट्रपति एवं डीजीपी मध्य प्रदेश को ज्ञापन दिया गया। जिसमें बहुजन समाज पार्टी द्वारा मांग की गई की अनिल मिश्रा द्वारा आचरण न्यूज चैनल ग्वालियर पर लाइव के माध्यम से सोशल मीडिया पर एडवोकेट अनिल मिश्रा ने डॉ भीम राव अंबेडकर के विरुद्ध बहुत ही निंदनीय अमानवीय एवं भड़काऊ वक्तव्य देकर के देश के अंदर अराजकता एवं संप्रदायिकता का वातावरण निर्मित करने अनिल मिश्रा ने कहाँ डॉक्टर अंबेडकर को गंदा व्यक्ति, अंग्रेजों का गुलाम एवं संविधान निर्माता ना कहा जावे, ऐसा वक्तव्य दिया जो बहुत ही निंदनीय है अत: बहुजन समाज पार्टी जिला दमोह ने मांग की है कि अनिल मिश्रा के ऊपर राष्ट्र द्रोह एससी एसटी एक्ट एवं आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाए जिससे भारत देश में डॉक्टर अंबेडकर करोड़ों दलित पिछड़े गरीब महिला एवं वंचित समाज के लिए मसीहा ही नहीं भगवान भी है. एडवोकेट अनिल मिश्रा के खिलाफ कठोर कार्यवाही हेतु बहुजन समाज पार्टी दमोह द्वारा ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप ने बसपा जिला दमोह के जिला प्रभारी आसाराम चौधरी एवं दूसरे जिला प्रभारी कोमल अहिरवार की जिला अध्यक्ष इंजीनियर गोवर्धन राज, रवि शंकर अहिरवार जिला महासचिव विधानसभा प्रभारी चिंतामन जी, विधानसभा प्रभारी महाराज सिंह लोधी, अध्यक्ष भगवान दास जी दमोह से इंजी, प्रमोद दिनकर हरविंद्र बौद्ध अजय बौद्ध, रेवाराम ठक्कर चिंतामन पूर्व पार्षद, पूनम सोनी जी जोगेंद्र चौधरी जी, आशीष सारथी जी, मोहनीश राव, परशुराम अहि, सत्यम, चंद्रेश बाल्मीकि, प्रवेंद्र, प्रशांत आदि लोगों की उपस्थित रही।

## हस्ताक्षर अभियान को लेकर हुई जिला स्तरीय बैठक

**दमोह देशबन्धु।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा चलायी जा रही वोट चोर गद्दी छोड़ की विशेष मुहिम को गति देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जिस तरह का रवैया अपनाकर भाजपा सरकार वोट चोरी करके विधायको की खरीद फरोस्त करके सरकारे बना रही है उससे आमजन अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है।

उसी तारतम्य में हम पंचायत वार्ड स्तर पर पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे है पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह ने कहा कि पड़ोसी जिले में ही 500 आईडी से भरी पोटली तालाब में मिली जो इस बात का प्रतीक है कि राहुल जी की मुहिम कारगर साबित हो रही है। संजय चौरसिया, निधि श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, आशीष पटैल, ब्रजेन्द्र सिंह, प्रदीप खटीक, प्रदीप पटेल, परम यादव, तिलक सीग, गोविन्द तिवारी, रघुनाथ यादव, भूपेन्द्र आजवानी, बंसत कुशवाहा, पप्पू कसोटया, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, अजय जाटव, मुकेश रोहिताश, घनश्याम यादव, नन्दे चौरसिया, विजय बहादुर, डी.पी. पटैल, के.के. वर्मा, मदन सुमन, खिल्लू ठाकुर मानक अहिरवार, अनुज ठाकुर ने भी कहा कि हमें



प्रत्येक पोलिंग बूथ पर सक्रिय दस सदस्य बनाना है जो निर्भीकता से भाजपा की कुरनीतियों का मुकालबा कर के एवं सोशल मीडिया पर अधिक सक्रिय रहना है। वीरेन्द्र चौबे, संजय सेठ, शमीम कुरैशी, लाखन ठाकुर, रत्नेश सोनी, अमर सिंह, रियाज खान भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक मोर्च पर विफल हो चुकी है चुनाव के समय जितनी भी झूठी घोषणाये करके इन्होंने सरकार बनायी थी अब भाजपा सरकार ने लाड़ली बहना हो, खाधान्न पर्ची हो अथवा जितनी भी पेंशन हो सबके पोर्टल बंद कर दिये गये है। गरीब लोग कार्यालयों के चक्कर काट काट कर परेशान है।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल दमोह द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान (25 सितंबर से 25 दिसम्बर) के अंतर्गत मंडल कार्यशाला बैठक का आयोजन मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। साथ ही जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष गणेश जाटव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साजिद रिज़वी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, संतोष रोहित मंचासीन रहें।कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत भाजपा दुपट्टा पहना कर किया गया। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के मुख्य उद्देश्य और व्यापक प्रचार-प्रसार पर संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूर दृष्टि को दर्शाता है। 90 दिवसीय अभियान को समझना बहुत आवश्यक है। घर-घर स्वदेशी हर घर स्वदेशी चार शब्दों का यह छोटा वाक्य सोचो तो बहुत अधिक गूढ़ महत्व रखता है। अभियान का कार्य बहुत बड़ा है इस अभियान में हम सभी को मंडल सम्मेलन,




युवा सम्मेलन, महिला , व्यापारी सम्मेलन आयोजित करने हैं और संगठन ही नहीं हमारे जो वैचारिक संगठन है उन सभी के साथ मिलकर इस अभियान के प्रचार और प्रचार पर ध्यान केंद्रित करना है। जिस प्रकार दीपावली पर दीपक का महत्व होता है उसी प्रकार यदि इस अभियान को देखा जाए तो यह जैविक, स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के भाव को प्रदर्शित करता है। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर भारतीय उत्पादों की उत्पादकता के महत्व को दर्शाता है। यह अभियान बूथ स्तर से लेकर मंडल एवं जिला में टोली के माध्यम से हम सभी को घर-घर तक पहुंचना है। मंच संचालन महामंत्री महेंद्र अहिरवार एवं आभार कृष्णा राज ने जताया। कार्यशाला में पार्षद मनीष शर्मा, धीरज घारू, हिना परोचे , टोनी राय, मोनू राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष देवल कटारिया, आशीष राय, श्रीमती गायत्री वंशवर्ती , मंडल मंत्री रितु पांडे, राहुल ताम्रकार, राहुल पाठक, हरिशंकर पाठक, सुनील राज, अखिलेश सिंह, अखिलेश चौबे, करण सूर्यवंशी, आलोक मुखरैया, बिहारी पटेल, राजुल चौराहा, विधान पाराशर, सुनील राठौर, गौरव चौरहा, कृष्णा तिवारी, नर्मदा पटेल, मुकेश नामदेव, सत्यम चौबे, प्रभात कछवाह , नर्मदा पटेल, सुनील अहीरवाल, संजय उपाध्याय, मुकेश नामदेव सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकत्ताओं की उपस्थिति रही।

# फर्जी राशन कार्ड लगा दिए अपात्रों ने, पात्र नहीं बन पाई सहायिका

**दमोह/तेन्दूखेड़ा देशबन्धु।** फर्जी राशन कार्ड का मामला तेंदूखेड़ा ब्लाक में जोर पकड़े है प्रतिदिन अलग अलग तरह के मामले सामने आ रहे हैं सोमवार को एक और मामला सामने आया जब एक महिला ने तहसीलदार को एक लिखित आवेदन सौंपते हुये बताया कि उनकी सुरगवा आंगनबाड़ी केंद्र 16 में सहायिका के रूप में नियुक्ति होनी थी मगर फर्जी राशन कार्ड उनकी नौकरी में बाधा बन गई। इसीलिए उसकी जगह दूसरी महिला की नियुक्ति हो गई जबकि पात्र वह है और जिस राशन कार्ड के अंक महिला को मिले है वह फर्जी है उसके सबूत भी महिला ने तेंदूखेड़ा तहसीलदार को सौंपते हुये निष्पक्ष मामले की जांच करने की माग की है।

ऐश्वर्या पति गोविंद्र प्रसाद उपाध्याय सुरगवा निवासी ने यह आवेदन तहसीलदार तेंदूखेड़ा को दिया है और बताया है संस्कृति पिता राजकुमार दुबे सम्पन्न परिवार के है उनके पास टैक्टर है 25 एकड़ खेती है पक्का मकान हैं उसके बाद भी उनके पास बी पी एल कार्ड लगाकर नियुक्ति ली हैं जबकि वह बी पी एल कार्ड फर्जी है।



इसी तरह पूजा उपाध्याय पति प्रवीण उपाध्याय, रानी उपाध्याय पति कुलदीप उपाध्याय दोनों एक ही परिवार के सदस्य है इनके पिता शासकीय शिक्षक हैं इनके पास भी पर्याप्त खेती दो पक्के मकान है और इनके पिता 30 जून 2025 में शासकीय सेवाओं से सेवानियुक्त हुए है पूजा का नाम दूसरे नंबर पर है इनको भी बी पी एक योजना का लाभ मिला है जबकि ये उसके लिए अपात्र है दोनों आवेदकों ने फर्जी रूप से बी पी एल कार्ड बनवाये है इसलिए इनके बी पी एल कार्ड की जांच कराई जाये और शासन को गुमराह करने के बाद इनपर कार्यवाही की जाये।

**दोनो राशनकार्ड का नंबर 13**

ऐश्वर्या के पति गोविंद उपाध्याय ने कहा पूर्व में हमने नियुक्ति पर आपत्ति लगा दी थी मगर तेंदूखेड़ा में जब फर्जी राशनकार्ड का मामला उछाला और मैने संस्कृति दुबे और पूजा उपाध्याय के राशन कार्ड गौर से देखे तो दोनों राशन कार्ड फर्जी होना सिद्ध हो रहा है क्योंकि संस्कृति दुबे और पूजा उपाध्याय दोनों के बी पी एल कार्ड के क्रमांक एक है दोनों कार्ड में क्रमांक 13 लिखा है जबकि संस्कृति दुबे स्वर्गीय राजकुमार दुबे की पुत्री है जो अलग है और पूजा पति प्रवीण उपाध्याय अलग परिवार से है उसके बाद दोनों के राशन कार्ड में एक नंबर डाला है इसलिए मेने अनुमान से दोनों राशन कार्ड फर्जी है और जांच करने हेतु तेंदूखेड़ा तहसीलदार को आवेदन सोपा गया है।

### इनका कहना है

तेंदूखेड़ा परियोजना अधिकारी कैलाश राय से बात की तो उनका कहना है अभी सुरगवा आंगनबाड़ी केंद में जो सहायिका की नियुक्ति हुई थी उसपर आपत्ति लगी है राशन कार्ड फर्जी है तो इसकी जांच तहसीलदार स्तर पर होगी।

# सिकल सेल अनुवांशिक बीमारी, इसके प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत: राज्यपाल



**सागर, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल सोमवार को जिले के रहली विकासखंड की ग्राम पंचायत कड़ता में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, जहां उन्होंने फ्रूट फॉरेस्ट में पौधारोपण किया। स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और संग्रहालय का अवलोकन किया। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आज हम गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती की कर्मभूमि में हैं। करीब 500 सालों के बाद भी आज हम वीरांगना रानी दुर्गावती के संघर्षों, वीरता और बलिदानों को भूल नहीं पाये हैं। कहा जाता है कि रानी दुर्गावती दोनों हाथों में तलवार लेकर लड़ा करती थी। हमें गोंडवाना की इस वीरांगना की वीर गाथाओं को सदैव स्मरण करना चाहिये। जनजाति समाज में वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा शंकरशाह, राजा रघुनाथ शाह जैसे वीरों ने जन्म लिया, जिन्होंने अपनी मातृ भूमि की रक्षा के लिये वीरता के साथ आक्रांताओं का सामना किया और देश की सुरक्षा के लिये अपना बलिदान दिया। उन्होंने कहा उज्जवला योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सीधा लाभ हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलायें अब स्वच्छ वातावरण में भोजन तैयार कर रही हैं। राज्यपाल ने केंद्र सरकार द्वारा जनजातीय परिवारों के लिये शुरू की गई जनमन योजना और धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम योजना की चर्चा करते हुये कहा केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिये जनमन योजना में लगभग 24 हजार करोड़ रुपये और धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम योजना में करीब 80 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इन योजनाओं का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिससे जनजातीय वर्ग के लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आयेगी। जनजातीय वर्ग के लोगों को प्रशिक्षण देकर मप्र में कर्मयोगी बनाने की पहल की गई है। इस योजना से मप्र में करीब 3 लाख कर्मयोगियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। राज्यपाल ने कहा कि गोंड पेंटिंग्स की आज देश ही नहीं विदेशों में भी प्रसिद्धि है। जनजातीय वर्ग के लोक कलाकारों द्वारा तैयार की गई गोंडी पेंटिंग्स कला को और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। आज क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों का समुचित उपचार होना चाहिए और क्षय रोगियों को समय-समय पर दवाइयां लेने के लिये प्रेरित करना चाहिये। क्षय रोगी समय पर दवाइयां ले रहा है अथवा नहीं इसकी भी सतत मॉनीटरिंग होनी चाहिये। सिकल सेल एनीमिया की बीमारी एक अनुवांशिक बीमारी है, सिकल सेल की बीमारी लहू की बीमारी है। इसके के प्रति लोगों में जागरुकता आवश्यक है। सिकल सेल की बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करें। सिलक सेल से पीड़ित लोगों को सही उपचार लेने के लिये प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम में पुलिस बैंड के द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र दिये। आयुष्मान निरामय भारत योजना के तहत प्रीतम गौंड़ और शरद सिंह गौंड़ को आयुष्मान कार्ड वितरित किया। कोमल गौंड़, दयाराम गौंड़ और ओमकार सिंह गौंड़ को क्षय रोग मरीजों के लिये प्रदान की जाने वाली फूड बास्केट प्रदान की गई। कार्यक्रम में राज्यपाल ने उड़ान योजना का शुभारंभ किया। इसी दौरान राजपाल मंगुभाई पटेल ने कड़ता ग्राम में अनुसूचित जनजाति समुदाय के राजेश गौंड़ के प्रधानमंत्री आवास में पहुंचकर भोजन किया। इस दौरान रहली विधायक व पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष रानी कुशवाहा, कलेक्टर संदीप जीआर, एसपी विकास शाहवाल, सीईओ विवेक केवी, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त सुधीर श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थे।

# मेनपानी में आत्महत्या के बाद हंगामा, परिजनों ने किया चक्काजाम

- सागर-सिलवानी स्टेट हाईवे पर रखा शव
- 4 लोगों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप



**सागर, देशबन्धु।** गोपालगंज थाना क्षेत्र के मेनपानी में 45 वर्षीय व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया, पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया। जिसके बाद परिजन ने सोमवार दोपहर मैनपानी में सागर-सिलवानी स्टेट हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने गांव के चार लोगों पर मृतक को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। चक्काजाम की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे, समझाइश देकर लोगों को शांत कराया। परिजन ने दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्यवाही करने की मांग की। पुलिस के अनुसार लखन पिता हरिराम यादव 45 ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही प्रीतम यादव, सतीश यादव, शुभम यादव, आशीष यादव लगातार उनके परिवार को प्रताड़ित कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि बीती रात आरोपियों ने मारपीट की और गांव में बेइज्जती की, जिससे आहत होकर लखन ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्यवाही की मांग की है। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बेटों को छोड़ गया है। मामले में गोपालगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## सार-समाचार

### राज्यपाल का सांसद ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** सांसद लता गुड्डू वानखेड़े ने सागर प्रवास पर आये राज्यपाल मंगू भाई पटेल से सर्किट हाउस पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

### विधायक ने राज्यपाल से की सौजन्य भेंट



**सागर, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल के सागर प्रवास के दौरान विधायक शैलेन्द्र जैन ने सर्किट हाउस पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने जिले से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी। विधायक ने रानी अवंती बाई लोधी विवि से संबंधित मुद्दों पर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने राज्यपाल को जिले में चल रही योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से संबंधित प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी मौजूद रहे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री से महापौर ने की सौजन्य भेंट



**सागर, देशबन्धु।** सोमवार को भोपाल प्रवास के दौरान महापौर संगीता तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील तिवारी एवं युवा नेता रिशांक तिवारी ने पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।

### प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता को मिलेगा हरिकृष्ण दत्त शिक्षा सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** पं. दीनदयाल उपाध्याय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता को हरिकृष्ण दत्त शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। डॉ. गुप्ता को यह सम्मान आज भोपाल के सप्रे संग्रहालय सभागार में आयोजित समारोह में सुबह 10.30 बजे दिया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विभाग के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी होंगे। अध्यक्षता मप्र साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे करेंगे। सप्रे संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि शिक्षाविद और बुंदेली भाषा, साहित्य एवं संस्कृति मर्मज्ञ डॉ. सरोज गुप्ता सागर को डॉ. हरिकृष्ण दत्त शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। गौरतलब है कि डॉ. गुप्ता बुंदेल संस्कृति, साहित्य के संरक्षण व संवर्धन के प्रति समर्पित हैं। इसके लिये वे बहुत कार्य कर रही हैं।

# पेंशनरों की बकाया 2 प्रतिशत महंगाई राहत राशि तत्काल स्वीकृत हो, बैठक में उठी मांग



**सागर, देशबन्धु।** गत दिवस प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला इकाई की मासिक बैठक पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगंण में संपन्न हुई जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिये तथा जनवरी 2025 से बकाया 2 प्रतिशत मंहगाई राहत देय दिनांक से स्वीकृत करने की मांग की गई। बैठक का संचालन करते हुये संभागीय अध्यक्ष ब्रजबिहारी उपाध्याय ने बताया कि इस समय 2 प्रतिशत मंहगाई राहत जनवरी 2023 से देय है हम 93 प्रतिशत पर है तथा कर्मचारियों का 55 प्रतिशत एवं केन्द्र का 98 प्रतिशत घोषित है। पेंशनर्स अभी भी जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत पीछे है जिससे हमें काफी आर्थिक हानि हो रही है। राज्य सरकार की ओर से इसे अभी स्वीकृत करने के कोई संकेत नही है। इसे पाने के लिये हम लगातार प्रयास कर रहे है। जिसे सरकार अनसुनी कर रही है। प्रांतीय महामंत्री अध्यक्ष हरिओम पाण्डेय ने कहा कि पेंशनरों को भी केन्द्रीय दर के अनुरूप महंगाई राहत पाने का संवैधानिक अधिकार है परंतु सरकार हमारे अधिकारों को ज्यो का त्यो देने में कई वर्षों से दो राज्यों की सहमति का बहाना बनाकर खण्डित तिथि से भुगतान कर रही है एवं अंतर के राशि का भुगतान भी नहीं करती। यह नइंसाफी है क्योंकि मप्र के साथ-साथ अन्य तीन राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ के राज्यों के भी बटवारे हुये है। इन राज्यों की सरकारे अपने कर्मचारी व पेंशनरों को केन्द्रीय अनुरूप वेतन भत्ते उसी समय से स्वीकृत करती है और उसका लाभ देती है वे आपसी शर्त का सहारा नही लेती। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को और भी कई प्रकार की समस्यायें है जिनके निराकरण हेतु 31 अक्टूबर को भोपाल में एसोसिएशन की महासमिति की बैठक आयोजित की गई है जिसमें आगे के कार्यक्रमों के निर्णय लिये जायेंगे। बैठक के अंत में एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी रहे मुरलीधर शाडिल्य संरक्षक, एसबी लिटोरिया, जेपी पाण्डेय, विद्यावती तिवारी के निधन पर 2 मिनिट का मौन रख का दिवंगत आत्मा की शांति के लिये अपनी श्रद्धांजली अर्पित की गई। बैठक को सुदामा प्रसाद रैकवार, श्यामकांत तिवारी, रधुनंदन तिवारी, आरएन शुक्ला, राजू स्वर्णकार ने भी संबोधित किया। आभार अरविंद चौबे ने व्यक्त किया।

## सूने मकान से जेवरात और नकद ले भागे चोर

**सागर, देशबन्धु।** मोतीनगर थाना क्षेत्र के संतकबीर वार्ड में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया, चोर गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे। घर में रखे सोने चांदी के गहने और नकद रुपये लेकर भाग गये। वारदात सामने आने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार फरियादी रवि पिता राजू वाल्मिकी 37 वर्ष निवासी संतकबीर वार्ड ने थाने में शिकायत करते हुये बताया कि बांदरी में अपनी ससुराल गया था। इसी दौरान चोरों ने घर में सेंध लगाई। चाचा के बेटे ने फोन पर सूचना दी कि घर का ताला टूटा है। चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही बांदरी से सागर लौटकर आया। घर आकर देखा तो मैनगेट का ताला टूटा था। घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी खुली थी। अलमारी में रखे सोने के जेवरात एक अंगूठी, एक मंगलसूत्र छोटा, एक बड़ा मंगल सूत्र, सोने की चैन, सोने की नथ, 4 संतान साते की चांदी की चूड़ी और 20 हजार रुपये नकद गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया। मौके पर पहुंचकर वारदात स्थल का निरीक्षण किया, एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाये। पुलिस मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# सिंघई मेडिकल को कारण बताओ नोटिस, लाइसेंस 3 दिन के लिए निलंबित



**सागर, देशबन्धु।** राजस्व, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्यवाही की गई। जिसमें सिंघई मेडिकल का लाइसेंस, कारण बताओं नोटिस के बाद तीन दिन के लिये निलंबित करने एवं सिंघल मेडिकल को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। एसडीएम अमन मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले की सभी फुटकर एवं थोक मेडिकल स्टोरो की जांच की जाये। एसडीएम अमन मिश्रा ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले में हुई बच्चो की मौत के संदर्भ में तमिलनाडु, चेन्नई के औषधी नियंत्रक के द्वारा सूचित किया गया है कि औषधी कफ सिरफ कोल्ड्रिफ का सैंपल टेस्ट रिपोर्ट मे एडल्ट्रेटेड पाया गया है। जिसमें जहरीला पदार्थ डाइईथीलीन ग्लाइकोल मिला पाया है। इसके उपयोग से बच्चों में गंभीर दुष्परिणाम होना पाया गया। इसी परिपेक्ष में जिले की मेडिकल स्टोरों की जांच की जा रही है। सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी एवं जिला औषधि निरीक्षक सोनम जैन ने बताया कि जांच करने के उपरांत सिंघई मेडिकल में बिना बिल की दवाई विक्रय एवं स्टॉक मेंटेन नहीं किया जा रहा था तो कारण बताओं नोटिस जारी किया है और आगामी तीन दिनों के लिये लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही की जा रही है, सिंघल मेडिकल को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

## यह बच्चों की हत्या है, मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री नैतिकता के आधार पर तत्काल इस्तीफा दें: राजकुमार पचौरी



**सागर, देशबन्धु।** मप्र के छिंदवाड़ा और बैतूल में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत को लेकर कांग्रेस लामबंद हो गई है। पूर्व जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार पचौरी ने इन मौतों पर सरकार को घेरा है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि कफ सिरफ कोल्ड्रिफ से अब तक 16 बच्चों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं, यह मौते सामान्य नही है। यह बच्चों की हत्या जैसा मामला है। मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से अपेक्षा रखता हूं कि आप नैतिकता के आधार पर अपने पदों से इस्ताफा दे। जिन घरों के चिराग उजड़े हैं उनके दुख को कोई समझ नही सकता। दोषियों पर ऐसी कार्यवाही हो कि कभी इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस इस घटना को लेकर प्रदेशभर में कड़ा विरोध दर्ज करायेगी, पीड़ित परिवारों तक पहुंचेगी। कांग्रेस के प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा इस घटना से प्रदेश में चल रहे जंगल राज की हकीकत सामने आ गई है। बच्चे तड़फ-तड़फ कर मरते रहे और सरकार गहरी नींद में डूबी रही।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**सागर, देशबन्धु।** ग्राम इमलिया में पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ युवक का शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव फंदे से नीचे उतरवाया गया। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया है। घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक की पहचान राजा लोधी निवासी इमलिया के रूप में की है। परिजनों ने बताया कि मृतक राजा का रविवार दोपहर गांव के ही व्यक्ति से विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह शाम के समय रिपोर्ट कराने का बोलकर घर से गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। देर रात घर नहीं आया तो परिजन ने तलाश की, लेकिन कहीं नहीं मिला। सोमवार को राजा का शव सड़क किनारे लगे पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला। परिजन ने मामले में युवक की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# 10 साल की छात्रा की जहरीले कीड़े के काटने से मौत, झाड़ फूक में गंवाया समय

**शाहगढ़, देशबन्धु।** सोमवार को शाहगढ़ थाना क्षेत्र के हनुमानटोरा गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक 10 वर्षीय छात्रा की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। डॉक्टरों द्वारा दिये गये इलाज की बजाय परिजनों ने बच्ची को झाड़ फूक कराने में बहुमूल्य समय गंवा दिया, जिसके चलते मासूम की जान नही बच सकी।

जानकारी के अनुसार हनुमानटोरा गांव निवासी हीरा पटेल की बेटी सोनम 10 को रविवार सुबह घर पर किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। बच्ची दर्द से तड़पने लगी तो परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर टिटनिस और दर्द कम करने के इंजेक्शन लगाये। इलाज के बाद भी जब सुधार नहीं हुआ तो परिजन सोनम को बगाज माता मंदिर झाड़ फूक कराने ले गये। झाड़ फूक में समय बीतता गया और बच्ची की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। सोमवार सुबह जब स्थिति गंभीर हुई, तब परिजन उसे दोबारा शाहगढ़ अस्पताल लेकर आये। यहां डॉक्टरों ने बच्ची को गंभीर हालत में देखकर जिला अस्पताल रेफर किया, लेकिन एंबुलेंस सेवा उपलब्ध होने से पहले ही सोनम ने दम तोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही शाहगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डॉक्टरों ने अपील की है कि ऐसे मामलों में झाड़ फूक या अंधविश्वास में न पड़ें, बल्कि तुरंत योग्य चिकित्सक से इलाज करवायें ताकि जान बचाई जा सके।

# नपा मकरोनिया में जलकर बकाया राशि को लेकर हुई बैठक



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नपा के सभाकक्ष में सोमवार को नगर निगम सागर को जलकर बकाया राशि के भुगतान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम की ओर से राजस्व निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी एवं राजघाट परियोजना के केमिस्ट कौतुब सिंह उपस्थित रहे। वही नगर पालिका मकरोनिया की ओर से अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, मुख्य नपा अधिकारी पवन कुमार शर्मा, उपयंत्री सनी जैन, राजस्व प्रभारी सौरभ मिश्रा एवं हिमांशी चंदेल मौजूद रहे। बैठक में नगर निगम सागर द्वारा मांगी गई 12.13 करोड़ की बल्क कनेक्शन जलकर राशि पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि इसमें से लगभग 5.60 करोड़ की राशि की वसूली नगर निगम द्वारा सीधे उपभोक्ताओं से की जानी थी। इस संबंध में पूर्व में 7 मार्च 2025 को हुई बैठक में सहमति के अनुसार निगम द्वारा मकरोनिया क्षेत्र में शिविर लगाकर वसूली की कार्यवाही भी की गई थी। शेष राशि में नगर निगम सागर के तीन बल्क उपभोक्ता पुलिस प्रशिक्षण इकाई, दसवीं बटालियन और एमपीईबी सम्मिलित हैं, जिनसे कर वसूली सीधे नगर निगम द्वारा की जा रही है। यह राशि वर्तमान में नगर पालिका मकरोनिया से मांगी गई कुल राशि में शामिल है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों इकाइयों नगर निगम सागर एवं नगर पालिका मकरोनिया के बीच पुन: एक संयुक्त बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें अनुबंध और बकाया भुगतान से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा कर सहमति बनाई जायेगी।

# मद्य निषेध साप्ताहिक अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** महात्मा गांधी जयंती 2 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह अभियान के अंतर्गत ग्राम पथरिया जाट में जन जागरण एजुकेशन एंड हेल्थ वेल्फेयर सोसायटी के दिशा केंद्र में मद्यपान एवं अन्य मादक पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु नशामुक्त जागरूक कार्यक्रम आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सत्यम चंदेल ने दिशा केंद्र में मानसिक शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा हेतु चलाये जा रहे विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अतिथि सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. डीएस यादव ने मद्य निषेध सप्ताह अभियान की जानकारी देते हुये कहा की आज नशा एक सामाजिक बुराई बन गई है जिससे हमारे समाज के बच्चे, युवा, महिलायें और पुरुष सभी प्रभावित है। हम सभी को एक साथ एकजुट होकर इस बुराई से लड़कर अपने प्रदेश और देश को नशामुक्त बनाना है, नशा मुक्त समाज की स्थापना शासन के साथ-साथ जन जागरूकता के प्रयासों से ही संभव हो सकेगा। अतिथि किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य चंद्रप्रकाश शुक्ला ने कहा की आज बच्चे और युवा नशे की गिरफ्त में आते जा रहे है जिससे समाज में बाल अपराध के मामले अधिक देखने को मिल रहे है, बाल अपराध की रोकथाम के लिये सबसे जरुरी है नशे को बच्चों की पहुंच से दूर किया जाये इसके लिये हम सभी को मिलकर अपने परिवारों में बच्चों को संस्कारित करना होगा। समाजसेवी डॉ. अलोक खरे, सुरखी के पूर्व सरपंच ने भी नशामुक्ति के प्रति अपने विचार रखे। समाजसेवी गौरव सिंह राजपूत ने नशामुक्ति गीत के माध्यम से उपस्थित प्रबुद्ध जनो से अपने परिवारों, ग्राम, नगरों को नशामुक्त बनाने हेतु जन जागरूकता के कार्य में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। संचालन आशीष विश्वकर्मा ने किया। समापन पर संस्था द्वारा लोक कला में महत्वपूर्ण योगदान देने पर शशिकांत चौरसिया एवं 1 जून से 26 जून तक सागर जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता के कार्य करने पर समाजसेवी चंद्रप्रकाश शुक्ला, आशीष विश्वकर्मा, डॉ. अलोक खरे एवं गौरव सिंह राजपूत को प्रशंसा पत्र और शाल श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर जन जागरण संस्था के अध्यक्ष डॉ. सत्यम सिंह चंदेल, सोनु पवार, संस्था के वालेंटियर एवं बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।